RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22
सांध्य दैनिक
# श्रीकंचनपथ
लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
वर्ष- 14, अंक - 03 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शनिवार 15 अक्टूबर 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

13 October Celebrate its 14th Foundation Day

दैनिक श्रीकंचनपथ के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

## विशेष...

### सड़क पार कर रहे भेड़-बकरियों को तेज रफ्तार बस ने कुचला चिल्लाता रहा चरवाहा और भाग निकला चालक

**बिलासपुर।** यहां के कोनी थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम एक अनियंत्रित बस ने सड़क पार कर रहे भेड़ बकरियों को कुचल दिया। हादसे में करीब 10 भेड़-बकरियों की मौत हो गई है। हादसे के बाद चरवाहा सड़क पर चिल्लाता रहा और बस चालक तेजी से भाग गया। इसके बाद चरवाहे थाने पहुंचकर इसकी शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद पुलिस ने बस चालक के खिलाफअपराध दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार सेंदरी निवासी अक्षय पाल अपनी भेड़ बकरियों को चराने के बाद वापस लौट रहा था। बताया जा रहा है अक्षय पाल रोज 80 से अधिक भेड़-बकरियों को चराने के लिए ले जाता है। शुक्रवार शाम को वापस लौटते समय सड़क पर कर रहा था। इस दौरान सेंदरी-कछार मोड़ पर रतनपुर की ओर से आ रही बस भेड़-बकरियों को कुचलते हुए निकल गई। बस की चपेट में आपे से 10 भेड़-बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान अक्षय पाल चिल्लाता रहा और बस चालक भाग गया। घटना के बाद रात को सड़क पर काफी भीड़ लग गई। चरवाहे ने इस मामले में थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।


छत्तीसगढ़ में ट्विटर वार

# सीएम बघेल ने फोड़ा नार्को टेस्ट का वीडियो बम तिलमिलाए पूर्व सीएम ने भी किया डिजिटल अटैक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में इन दिनों ईडी के छापों के बाद राजनीति गरमाई हुई है खासकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के बीच बयानबाजी तेज हो गई है। दोनों ने नेता भ्रष्टाचार के मुद्दे पर एक दुसरे को घेरने का प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने ट्विटर हैंडल पर प्रियदर्शिनी बैंक घोटाले के बाद प्रबंधक के नार्को टेस्ट का वीडियो साझा करते हुए लिखा कि इज स्पेशल प्री दिवाली गिफ्ट फॉर भ्रष्टाचार के अंतरराष्ट्रीय पितामह।




बता दें इंदिरा प्रियदर्शिनी बैंक घोटाला 2007 में सामने आया था। इसमें बैंक प्रबंधन और संचालक मंडल पर 54 करोड़ रुपयों के हेरफेर का आरोप लगा था। इसे लेकर उस दौरान काफी आंदोलन भी हुए और अंततः एफआईआर भी हुई। इसी घोटाले के आरोपी प्रबंधक रहे उमेश सिन्हा का नार्को टेस्ट हुआ था और उसी वीडियो का एक हिस्सा सीएम भूपेश बघेल ने ट्विटर पर साझा किया है। उमेश सिन्हा ने नार्को टेस्ट के दौरान मुख्यमंत्री रमन सिंह के अलावा तत्कालीन गृह एवं सहकारिता विभाग के मंत्री रामविचार नेताम, मंत्री बृजमोहन अग्रवाल और अमर अग्रवाल का नाम लिया था।

उमेश सिन्हा ने नार्को टेस्ट में बताया था कि इस मामले को दबाने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह व उनके चार मंत्रियों को एक-एक करोड़ रुपए दिए गए थे। यही नहीं उन्होंने नार्को टेस्ट में तत्कालीन डीजीपी ओपी राठौर को भी एक करोड़ रुपए दिए जाने की बात कही थी। नार्को टेस्ट होने के बाद भी इसकी सीडी कभी न्यायालय में पेश नहीं हुई थी। 2013 में इस सीडी के बाहर आने के बाद काफी बवाल मचा था। अब सीएम भूपेश बघेल ने ईडी के छापो के बीच पूर्व सीएम के आरोपों पर पलटवार करते हुए ट्विटर नार्को टेस्ट की वीडियो साझा कर पुरानी यादे ताजा कर दी हैं।

### डॉ रमन सिंह ने भी किया पलटवार

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नार्को टेस्ट का वीडियो साझा किया तो पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह ने भी डिजिटल अटैक किया है। मुख्यमंत्री के ट्वीट के बाद पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने शुक्रवार को ईडी द्वारा जारी की गई विज्ञप्ति साझा की। उन्होंन ट्वीट करते हुए लिखा कि यह लो 25 रुपया प्रति टन का साक्ष्य। आगे की कार्रवाई के लिए तैयारी कर लें साथ ही अब माफी भी मांग लीजिए। सारे नाम सामने आएंगे, सारे भ्रष्टाचार उजागर होंगे, सच सामने आएगा, सब सामने आएगा।

### जांच के नाम पर टीचर ने उतवाए स्कूली छात्रा के कपड़े, शर्मिंदगी में खुद को लगाई आग अस्पताल में भर्ती

**जमशेदपुर (एजेंसी)।** टीचर्स की क्रुरता का एक और मामला सामने आया है। परीक्षा के दौरान नकल जांच के नाम 9वीं कक्षा की छात्रा के कपड़े उतरवाने का मामला सामने आया है। इस घटना से छात्रा इतनी आहत हुई कि घर पहुंचने के बाद उसने खुद को आग लगा लिया। इससे वह 95 फीसदी तक झुलस गई। छात्रा को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना झारखंड के जमशेदपुर स्थित एक स्कूल की है। घटना के बाद स्कूल में परीक्षा स्थगित कर छुट्टी दे दी गई है।

मिली जानकारी के अनुसार मामला जमशेदपुर सीतारामडेरा के छायानगर स्थित शारदामणि गर्ल्स हाईस्कूल का है। स्कूल में टर्मिनल एग्जाम चल रहे हैं। शुक्रवार कक्षा 9वीं की साइंस की परीक्षा चल रही थी। शाम करीब चार बजे टीचर चंद्रा दास इंविजिलेटर के रूप में पहुंची और 15 साल की छात्रा को नकल के शक में खड़ा किया। आरोप है कि इस दौरान टीचर ने चिट की जांच के लिए छात्राओं के सामने उसके कपड़े उरतवा दिए।

#### घर पहुंचकर खुद को लगाई आग

इस घटना से छात्रा काफी आहत हुई और घर पहुंचने के बाद स्कूल यूनिफार्म में ही खुद पर मिट्टी तेल डालकर आग लगा लिया। आग लगाने के बाद छात्रा छटपटाती हुए बाहर निकली और गिर गई। आसपास के लोगों ने देखा तो हड़कंप मच गया। लोगों ने आग बुझाया और उसे अस्पताल लेकर गए। हालत गंभीर होने के कारण छात्रा को टाटा मेन हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया जहां उसका इलाज चल रहा है।

#### टीचर के खिलाफ केस दर्ज

इस घटना के बाद पुलिस ने टीचर चंद्रा दास के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। हालांकि मामले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई। वहीं इस मामले में स्कूल प्रबंधन का भी बयान आया है। जिस टीचर पर आरोप लगा है उसने आरोपों को निराधार बताया। टीचर कहा कि नकल करने की शिकायत पर छात्रा को प्रिंसिपल के पास ले जाया गया। कपड़े उतरवाने की बात पूरी तरह से गलत है। वहीं स्कूल की प्रचार्य ने भी इन आरोपो का खंडन किया। इधर इस घटना के बाद परिजनों ने आरोपी टीचर की गिरफ्तारी की मांग की है।

## छत्तीसगढ़ में अक्षय कुमार : चार्टर्ड प्लेन से पहुंचे रायगढ़ तमिल की सुपरहिट फिल्म के रिमेक की करेंगे शूटिंग

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायगढ़।** बॉलीवुड के सुपर स्टार अक्षय कुमार शनिवार को रायगढ़ पहुंचे। यहां वे अपनी एक फिल्म की शूटिंग के लिए आए हैं। शनिवार सुबह चार्टर्ड प्लेन से अक्षय कुमार जिंदल के एयरस्ट्रिप पर उतरे। रायगढ़ में वे चार दिन रहेंगे और इस दौरान वे अपनी फिल्म का शेड्यूल पूरा करेंगे। अक्षय कुमार के छत्तीसगढ़ पहुंचने पर जिंदल एयर स्ट्रिप पर उनकी एक झलक देखने के लिए फैन्स का हुजूम उमड़ पड़ा।

बता दें छत्तीसगढ़ में अक्षय कुमार की फिल्म की शूटिंग का शेड्यूल पहले ही बन चुका था। रायगढ़ में अक्षय कुमार साउथ की रिमेक फिल्म की शूटिंग करेंगे। फिल्म की निर्देशक सुधा कोंगरा हैं जो एक दिन पहले रायगढ़ पहुंच थी। रायगढ़ में तमिल की सुपरहिट फिल्म सोरारई पोटरु की हिन्दी रीमेक की शूटिंग होगी और इसी फिल्म के लिए अक्षय कुमार रायगढ़ पहुंचे। साउथ की यह फिल्म नेशनल अवार्ड विनिंग फिल्म है। इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ अभनेत्री राधिका मदान व परेश रावल भी काम कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग के लिए लगभग 40 लोगों की टीम पहुंची।

#### एयर स्ट्रिप पर होगी शूटिंग

अक्षय की इस फिल्म की शूटिंग के लिए रायगढ़ के एयर स्ट्रिप को चुना गया है। प्रोडक्शन कंपनी ने फिल्म की शूटिंग के लिए रायगढ़ जिला प्रशासन से चार दिनों की अनुमति मांगी है इस दौरान फिल्म की शूटिंग एयर स्ट्रिप व शहर की सड़कों पर होगी। फिल्म की निर्देशक सुधा कोंगरा ने ही मूल फिल्म को भी बनाया था। बताया जा रहा है कि रायगढ़ में शूटिंग के लिए प्रोडक्शन टीम ने स्थानीय कलाकारों को भी लिया है और शुक्रवार को उनका ऑडिशन भी हुआ। फिल्म को वास्तविकता का लुक देने के लिए प्रोडक्शन टीम कुछ नए लोकेशन्स पर शूट कर रही है और इनमें से एक रायगढ़ को चुना गया।

#### तमिल में एक्टर सूर्या ने निभाई थी मुख्य भूमिका

अक्षय कुमार जिस तमिल फिल्म की रिमेक की शूटिंग के लिए रायगढ़ पहुंचे हैं उसकी मूल तमिल फिल्म में एक्टर सूर्या ने मेन लीड किया था। इस फिल्म की कहानी में दिखाया गया था कि हवाई जहाज की यात्रा गरीब आदमी भी कर सकता है। सूर्या इस फिल्म में गरीओं को हवाई यात्रा कराने के लिए खुद की एयर कंपनी डालते हैं और एक रुपए में हवाई यात्रा कराते हैं। इस फिल्म को तमिल के अलावा तेलुगु भाषा में आकाशम मी हद्दू रा नाम से डब किया गया था। इस फिल्म को मलयालम में भी डब किया गया। साउथ में इस फिल्म को काफी पसंद किया गया।

### बच्चा चोरी के शक में भीड़ ने फिर एक मनोरोगी को जमकर पीटा

**बालोद।** जिले के गुंडरदेही में बच्चा चोरी के शक में एक विक्षिप्त की भीड़ ने जमकर पिटाई कर दी। मामला चैनगंज में हनुमान मंदिर के पास का है। जहां 10-12 साल के तीन बच्चे खेल रहे थे, तभी वहां घूम रहे मानसिक रोगी को लोगों ने बच्चा चोर समझ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। बाद में लोगों ने मनोरोगाी को पुलिस को सौंप दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मानसिक रोगी को थाना लाया गया। उससे पूछताछ की जा रही है।




## बाहरी तत्व कर रहे सनातन धर्म को बदनाम, साधू-संतों की पहचान के लिए बनेंगे आईडी कार्ड-महामंडलेश्वर लक्ष्मणदास

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में अब साधु-संतों की पहचान के लिए उनके आईडी कार्ड बनाए जाएंगे। जिससे कोई शरारती तत्व संतों के वेश में गलत काम न कर सके। इसकी जिम्मेदारी अखिल भारतीय संत समिति ने ली है। समिति के प्रदेश अध्यक्ष महामंडलेश्वर लक्ष्मणदास ने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा जरूरी है। कुछ बाहरी तत्व छत्तीसगढ़ में आकर सनातन धर्म को बदनाम कर रहे हैं। इस तरह के मामले में जांच जरूरी है। लक्ष्मण दास अखिल भारतीय संत समिति की कार्यसमिति बैठक में शामिल होने बिलासपुर पहुंचे थे।



#### धर्म के नाम पर जागरूकता जरूरी

छत्तीसगढ़ भवन के पास सामुदायिक भवन में हुई बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मण दास ने पत्रकारों से कहा कि साधु-संतों को एक मंच पर लाने का प्रयास है। समाज में धर्म के आधार पर प्रचार हो, इसके लिए सनातन धर्म प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि हमारा मानना है, धर्म सत्ता की बजाय समाज में धर्म आचरण से ही बुराई दूर होगी। देश में धर्म आचरण स्थापित हो। साथ ही धर्म के नाम पर जागरूकता जरूरी है। इसके लिए समिति की ओर से लगातार प्रयास किया जा रहा है।

#### हो सकेगी बाहरी तत्वों की पहचान

वही महामंडलेश्वर सर्वेश्वर दास ने कहा की बैठक में विचार-विमर्श किया गया है। छत्तीसगढ़ मे साधु-संतों की पहचान के लिए आईडी कार्ड बनाया जाएगा। इससे बाहर से आए तत्वों की पहचान की जा सकेगी। मीडिया से बात करने के दौरान अचार्य राकेश उपाध्याय, महामंडलेश्वर सर्वेश्वर दास, निर्देशक राधेश्याम, सचिव त्रिवेणी दास, संगठन मंत्री परमात्मा त्यागी, रामदास पवन कुमार दुबे सहित अन्य साधु-संत मौजूद थे।

## आनंद लें, सीजन आ रहा बतरस का

श्रीकंचनपथ




बारिश की ठंडी फुहारों के बीच चाय, पकौड़े के साथ एक और चीज आनंद देती है, वह है बतोलेबाजी. कुछ लोगों के यहां टीवी दिन-रात एक ही चैनल पर फिक्स रहते हैं. एक टोपी वाला, एक दाढ़ी वाला और एक चश्मा वाला एक होशियार के साथ वहां जमे होते हैं. जैसे ही कोई चीखने चिल्लाने लगता है, उसका माइक बंद कर दिया जाता है. ऑनलाइन होने वाले कार्यक्रमों में यह बेहद आसान भी है. इन बहसों से लोगों की राजनीतिक चेतना जागे या न जागे, उनका मनोरंजन खूब होता है. छत्तीसगढ़ में भी अब चुनावी बिसात बिछने लगी है. हर दूसरे दिन एक से बढ़कर एक नए प्रयोग देखने को मिल रहे हैं. इसमें साहित्य का तड़का भी लग रहा है. ईडी की छापों को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि भ्रष्टाचार का अंतरराष्ट्रीय पितामह ईडी का प्रवक्ता बना घूम रहा है. नान की डायरी में नागपुर से लखनऊ तक का ज़िक्र है. वो किस स्वाइप मशीन से हस्तांतरित हुए थे, प्रदेश की जनता जानना चाह रही है. पूर्व मुख्यमंत्री को भाजपा के मार्गदर्शक मंडल की वाइल्ड कार्ड एंट्री बताते हुए उन्होंने कहा, 'पनामा खाते में दर्ज है जिनका नाम वो फिर करने लगे छत्तीसगढ़ को बदनाम'. वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भी नए अंदाज में नजर आए. उन्होंने कहा कि 'चार्जशीटेड मुखिया' दिल्ली का एटीएम बन गए हैं. सीएम का मतलब जो 'कलेक्टिंग माफिया' समझ रहे हैं. छत्तीसगढ़वासियों की मेहनत का पैसा लूटने नहीं देंगे. उन्होंने एक कविता भी पढ़ी ङ्क 'कोयले से भी काला है जिसका दामन, जनता दहन करेगी वो भ्रष्टाचार का रावण.' पहले जहां इस तरह के फिकरों का इस्तेमाल रैली-सभा में किया जाता था, वहीं अब यह काम बेहद आसान हो गया है. अब चहकने वाले ऐप 'ट्विटर' पर चंद लाइनें लिख देने भर से काम चल जाता है. दिन हो या रात, नेता जब चाहे इसमें 'चहक' सकता है. कुछ नेताओं ने तो अपना ट्विटर हैंडल एक्सपर्ट्स को सौंप रखा है. एक्सपर्ट्स की टीम खबरों और बयानों पर लगातार नजर बनाए रहते हैं. इस टीम में ऐसे लोग भी होते हैं जो डायलॉग लिखने में कादर खान को मात कर दें. यह सब पालीटिकल माइंड गेम का हिस्सा है. जो नेता सिर्फकहते हैं और सुनने की हिम्मत नहीं रखते, वे डिप्रेशन में चले जाते हैं. उनके चेहरे पर चिंता और आक्रोश की मिली जुली रेखाएं नाचने लगती हैं. जो माइंड गेम खेलने के एक्सपर्ट होते हैं, उन्हें इन बयानों से कोई फर्क नहीं पड़ता. वो चुपचाप अपना काम करते रहते हैं. खुद भी इन बयानबाजियों का लुत्फउठाते हैं. बतरस से मतदाता का ज्ञान भी बढ़ता है. भूले बिसरे गीत -प्रसंगों की यादें ताजा हो जाती हैं. पुराणों में नरक लोक की नदी 'वैतरणी' को गाय की पूंछ पकड़कर पार करने का उल्लेख है. इसके बाद मोक्ष मिल जाता है. चुनावी वैतरणी पार कराने में माइंड गेम की भूमिका भी गाय की पूंछ वाली ही है. जरा संभल के...

## संपादकीय

# प्रदूषण पर जुर्माना

प्रदूषण पर वार करना जितना जरूरी है, उतना ही स्वागतयोग्य भी। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) अर्थात राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने कर्नाटक की चंदपुरा झील की रक्षा करने में विफलता के लिए कर्नाटक सरकार पर 500 करोड़ रुपये का जो जुर्माना लगाया है, उसका स्वागत करने वालों की संख्या कम नहीं है। एनजीटी ने साफ कह दिया है कि कर्नाटक पर्यावरण की रक्षा करने में विफल रहा है। झील पारिस्थितिकी और उसके आसपास पर्यावरण तंत्र को भारी नुकसान हुआ है। अत: राज्य को पर्यावरणीय मुआवजे का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए। एनजीटी का यह फैसला बाध्यकारी है, कर्नाटक सरकार इसे वापस एनजीटी में चुनौती दे सकती है और उसके बाद सीधे सुप्रीम कोर्ट जाने का रास्ता खुला हुआ है। जुर्माना बहुत भारी है और देश में बाकी हजारों झीलों को लीलने वालों तक इसकी धमक पहुंचनी चाहिए। झीलों को बचाने के लिए जो लोग सक्रिय हैं, उन्हें एनजीटी के इस फैसले से बड़ी ताकत मिलेगी। हमने देखा है कि पिछले दिनों कैसे बेंगलुरु में एक झील का गला घोटने की कीमत लगभग पूरे शहर ने बाढ़ भुगतकर चुकाई है। एनजीटी का एक और फैसला बहुत चर्चा में है। ओखला, भालस्वा और गाजीपुर में तीन कूड़ाक्षेत्रों पर कचरे का निस्तारण न करने के चलते राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली पर 900 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। एनजीटी ने यह भी बताया है कि जुर्माना किस-किस से वसूल किया जा सकता है। वास्तव में, दिल्ली के इन कचरे के पहाड़ों के लिए कोई एक पक्ष दोषी नहीं है। इसके लिए कचरा पैदा करने वाले, नियमों का उल्लंघन करने वाले, गलती करने वाले अधिकारी और कंपनियों से जुर्माना वसूला जा सकता है। इसके अलावा कचरा क्षेत्र की जमीन की बिक्री से भी धन जुटाया जा सकता है, ताकि जुर्माना दिया जा सके। दिल्ली में एनजीटी के इस फैसले से बहुत परेशानी होने वाली है। हालांकि, इस परेशानी की आशंका विगत वर्षों से लगातार बनी हुई थी। संभव है कि दिल्ली सरकार भी इस फैसले को एनजीटी में फिर चुनौती देगी। वैसे दिल्ली की सरकारें विगत दो-तीन दशकों से कूड़े के पहाड़ों से लोगों को निजात दिलाने का वादा चुनाव-दर-चुनाव करती आई हैं। चुनाव खत्म होते ही सरकार व नेता कूड़ा निस्तारण के अपने वादे को भूल जाते हैं। जब नेता गंभीर नहीं हैं, तो जिम्मेदार अधिकारियों को भला क्यों चिंता हो? दिल्ली के समग्र प्रदूषण में कूड़े के इन पहाड़ों का जो योगदान है, उस पर सहज ही श्वेत पत्र जारी किया जा सकता है। एनजीटी ने यह भी कहा है कि जुर्माने की राशि का उपयोग कूड़ा निस्तारण में ही किया जाएगा। वैज्ञानिक ढंग से कूड़े को ठिकाने लगाना, अग्नि नियंत्रण उपाय करना और चारदीवारी का निर्माण करना आज बहुत जरूरी हो गया है। कुल मिलाकर, एक बार फिर यह साबित हो गया है कि हमारी सरकारों को पर्यावरण की रक्षा के लिए जितना करना चाहिए, वे उतना नहीं कर पा रही हैं। वास्तव में, दिल्ली को तो उदाहरण बनना चाहिए, लेकिन यहां दिल्ली सरकार और नगर निगम के बीच समन्वय का अभाव भी आड़े आ रहा है। हम झीलों को खत्म करते हुए, कूड़े के पहाड़ तैयार करते हुए अपने जीवन के लिए जो जोखिम पैदा कर रहे हैं, उसकी ओर एनजीटी ने इशारा भर किया है। अब एनजीटी के ये फैसले अगर शासन-प्रशासन को थोड़ा भी जवाबदेह बना सकेंगे, तो यह एक बड़ी सफलता होगी।

> “ चुनाव खत्म होते ही सरकार व नेता कूड़ा निस्तारण के अपने वादे को भूल जाते हैं। जब नेता गंभीर नहीं हैं, तो जिम्मेदार अधिकारियों को भला क्यों चिंता हो? दिल्ली के समग्र प्रदूषण में कूड़े के इन पहाड़ों का जो योगदान है, उस पर सहज ही श्वेत पत्र जारी किया जा सकता है। एनजीटी ने यह भी कहा है कि जुर्माने की राशि का उपयोग कूड़ा निस्तारण में ही किया जाएगा। वैज्ञानिक ढंग से कूड़े को ठिकाने लगाना, अग्नि नियंत्रण उपाय करना और चारदीवारी का निर्माण करना आज बहुत जरूरी हो गया है।

## खुद का निर्णय अहम

एक आदमी ने बीच सड़क पर संतरे बेचने का काम शुरू किया। वह निपट अनपढ़ था। जाहिर है, उसने कभी अखबार नहीं पढ़ा था। बस सड़क किनारे उसने कुछ निशान लगाए और अपने फल के स्वाद की प्रशंसा करते हुए फल बेचने लगा। सुबह से शाम तक वह ऐसे ही संतरे बेचता रहा। उस सड़क से गुजरने वाला हर आदमी उसके पास आता और कुछ संतरे खरीदकर आगे बढ़ता। फल बिक्रेता मुनाफा कमाता गया। कुछ दिनों बाद थोड़े-बहुत पैसे खर्च करके उसने सड़क पर और ज्यादा इश्तहार लगवा दिए व फल बेचने लगा। उसका कारोबार तेजी से चल निकला! एक दिन उसके बेटे ने, जो किसी बड़े शहर से काफी पढ़ा-लिखा था, उससे पूछा, ‘पिताजी, क्या आप नहीं जानते कि दुनिया इस वक्त बेहद मुश्किल दौर से गुजर रही है? अपने देश की माली हालत बेहद खराब है। बेटे की इस बात से फिक्रमंद उस व्यक्ति ने फौरन सड़क किनारे लगे इश्तहार कम कर दिए और कुछ कमतर गुणवत्ता वाले फल बेचने लगा, क्योंकि वे उसे सस्ते दाम पर मिलते थे। जाहिर है, उसकी बिक्री में अचानक गिरावट आ गई। फल बिक्रेता ने सोचा- मेरा बेटा सही कह रहा था, वाकई बहुत कठिन वक्त है यह! मशहूर अमेरिकी राजनेता और प्रेरक वक्ता लेस ब्राउन अक्सर कहा करते हैं कि ‘किसी और की राय को अपनी जिंदगी की वास्तविकता कभी नहीं बनने देनी चाहिए।’ इसी बात को कुछ यूं भी कहा जाता है कि अगर जीवन कठिन है, तो ‘चाहे आपको यह लगे कि आप कर सकते हैं या लगे कि आप नहीं कर सकते, दोनों सूरतों में आप सही होते हैं।

> “ एक दिन सरकार महंगाई रोकने का आह्वान करती है, तो दूसरे ही दिन समाचार पत्रों में छपता है कि चीनी और अनाज के भाव बढ़ गए हैं, अन्य जरूरी वस्तुओं की कीमतें बढ़ने के समाचार भी नित्य आते हैं। वित्त मंत्री कहते हैं कि निकट भविष्य में कीमतों में गिरावट आएगी, परंतु स्थिति कुछ भिन्न ही है। अतः अब किसी प्रकार की सुस्ती या काहिली की गुंजाइश नहीं रह गई है।

# महंगाई को गंभीरता से नहीं ले रही सरकार

समर मुखर्जी, वरिष्ठ वामपंथी नेता व सांसद



यह सब स्वीकार करते हैं कि स्थिति बड़ी ही गंभीर है, परंतु न तो वित्त मंत्री ने और न ही शासक दल ने इन समस्या के मूल में जाने का प्रयास किया है। वस्तुत: इसे कांग्रेस सरकार ने शुरू से अब तक की अपनी पंचवर्षीय योजनाओं तथा अन्य नीतियों से एकाधिकार प्राप्त लोगों की ही समृद्धि की है और कर रही है, परंतु बात यह समाजवाद की करती है ।

दो दिन पहले ही उद्योग मंत्री की उपस्थिति में पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ने वक्तव्य दिया कि देश के 75 बड़े उद्योग गृहों में से 66 उनके राज्य में हैं और उन्हें बढ़ने दिया जाना चाहिए, ताकि बेरोजगारों को रोजगार मिले, क्षेत्रों का विकास हो और उत्पादन बढ़े। फिर भी हमारी अर्थव्यवस्था इस प्रकार क्यों चौपट हो रही है? क्या कभी इसके कारणों की खोज की गई है? यह सरकारी नीति की अनुपयुक्तता के कारण ही तो है कि देश में निरंतर बेरोजगारी बढ़ रही है, कीमतें बढ़ रही हैं, काला धन बढ़ रहा है और धन कुछ ही लोगों के कब्जे में जा रहा है। आज देश में 75 करोड़ रुपये काला धन विद्यमान है। फिर सर्वेक्षण से पता चलता है कि हरित क्रांति के फलस्वरूप ग्रामीण लोगों के मध्य अधिक ध्रुवीकरण हुआ है, अधिक लोग भूमिहीन हुए हैं तथा बेरोजगारी बढ़ी है। आज बड़ी-बड़ी कंपनियों के स्वामी बैंकों से बड़ी-बड़ी राशियां प्राप्त कर रहे हैं तथा अपने पूंजीगत उत्पादन के लिए सभी स्रोतों का लाभ उठा रहे हैं। सारी खाद्यान्न मंडियां उनके काबू में हैं। सरकार, मंत्रालय, विभाग, सभी उनके नियंत्रणाधीन होते जा रहे हैं। यही मूल समस्या है। कीमतों में वृद्धि तथा आर्थिक संकट से सारा देश संतप्त है और यह संकट निरंतर बढ़ता जा रहा है। साथ ही, असंतोष के कारण लोगों में धैर्य भी समाप्त होता जा रहा है। दिल्ली में रोज बस जलाई जा रही है।

एक दिन सरकार महंगाई रोकने का आह्वान करती है, तो दूसरे ही दिन समाचार पत्रों में छपता है कि चीनी और अनाज के भाव बढ़ गए हैं, अन्य जरूरी वस्तुओं की कीमतें बढ़ने के समाचार भी नित्य आते हैं। वित्त मंत्री कहते हैं कि निकट भविष्य में कीमतों में गिरावट आएगी, परंतु स्थिति कुछ भिन्न ही है। अत: अब किसी प्रकार की सुस्ती या काहिली की गुंजाइश नहीं रह गई है। उपभोक्ताओं को उचित कीमत पर वस्तुएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए। सरकार ने स्वयं इस बात को स्वीकार किया है कि भारत में 50 प्रतिशत लोग भुखमरी स्तर से भी निम्न स्तर पर जीवनयापन कर रहे हैं। ...प्रधानमंत्री के साथ अपनी बैठक में मैंने कहा था कि सरकार मामले की गंभीरता को नहीं पहचान रही है। वित्त मंत्री के वक्तव्य से मेरी बात सिद्ध होती है कि स्थिति गंभीर है।...तर्क दिए जा रहे हैं कि सारे देश में ही कीमतें बढ़ रही हैं और सरकार का इसमें कोई दोष नहीं है। यदि इस बात को स्वीकार कर लिया जाए, तो फिर सरकारी नीति में कोई परिवर्तन करने की जरूरत नहीं रह जाती है । सरकार की बात को गलत सिद्ध करने के लिए मैं अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के प्रतिवेदन का उल्लेख करना चाहता हूं। प्रतिवेदन में कहा गया है कि केन्या में कीमतें 18.6 प्रतिशत बढ़ी हैं, थाइलैण्ड में 19.1 प्रतिशत, ईरान में 17 प्रतिशत, पाकिस्तान में 45.1 प्रतिशत, परंतु भारत में कीमतों में 90 प्रतिशत वृद्धि हुई है। कुछ मित्रों ने चीन तथा रूस का उल्लेख किया था। 1971 में चीन की अर्थव्यवस्था के बारे में संयुक्त राष्ट्र द्वारा एक निर्धारण किया गया था। उसमें बताया गया है कि वहां पर सभी के पास रोजगार है और लोगों की आय बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है, वहां जीवन निर्वाह लागत कम है और लोगों को आयकर नहीं देना पड़ता है। यह भी बताया गया है कि चीन की सरकार ने रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों की कीमतों को कम करने के लिए भी कदम उठाएं हैं। कृषि उत्पादों पर कर को 12 प्रतिशत से कम कर 1971 में छह प्रतिशत कर दिया गया है, दैनिक प्रयोग की औद्योगिक वस्तुओं की कीमतें भी वहां कम हो रही हैं...। यह चीनी अर्थव्यवस्था का चित्र है, इसकी तुलना भारतीय अर्थव्यवस्था से की जा सकती है।

मेरा निवेदन यह है कि महंगाई के मूल कारणों को दूर किया जाना चाहिए। सरकार को खाद्यान्नों का व्यापार अपने हाथ में ले लेना चाहिए। अन्य अत्यावश्यक वस्तुओं के व्यापार को भी सरकार द्वारा अपने हाथों में लेना चाहिए। इनके वितरण की जिम्मेदारी सरकार को स्वयं संभालनी चाहिए।

**( लोकसभा में दिए गए भाषण का अंश )**

# साठ साल बाद फिर मंडराया परमाणु युद्ध का खतरा

सी उदय भास्कर, रक्षा विशेषज्ञ




सन 1962 की 16 अक्तूबर को क्यूबा मिसाइल संकट की शुरुआत हुई थी। वह ऐसा क्षण था, जिसने अमेरिका और तत्कालीन सोवियत संघ (रूस) को परमाणु युद्ध के कगार पर ला खड़ा किया। कल उस घटना के छह दशक हो रहे हैं, और उसकी पुनरावृत्ति का एहसास बढ़ता जान पड़ रहा है। क्या दुनिया महायुद्ध की तरफ जा रही है? यह सवाल इसलिए, क्योंकि इस साल फरवरी के अंत में जब यूक्रेन में सैन्य अभियान शुरू किया गया, तब तुरंत बाद रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रूस की परमाणु क्षमता का विशेष जिक्र किया था। मॉस्को ने उस तरह की चेतावनी फिर से पिछले महीने दोहराई है, क्योंकि जंग के मैदान से उसके लिए अच्छी खबरें नहीं आ रहीं। नतीजतन, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन बीते 6 अक्तूबर को यह संबोधित करने के लिए विवश हुए कि ‘अगर हालात यूं ही बने रहे, तो क्यूबा मिसाइल संकट के बाद पहली बार हमारे खिलाफ परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का खतरा है’। इसके ठीक एक दिन बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने भी खुलासा किया कि रूसी अधिकारियों ने परमाणु हथियारों के आसन्न इस्तेमाल को लेकर ‘अपने समाज को तैयार’ करना शुरू कर दिया है। मगर उन्होंने यह भी कहा कि रूस इस तरह के हमले के लिए तैयार है, यह भरोसा उनको नहीं है। क्यूबा मिसाइल संकट तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ केनेडी व उनके सोवियत समकक्ष निकिता ख्रुश्चेव के बीच आमने-सामने का टकराव था, जो करीब दो हफ्ते चलने के बाद 29 अक्तूबर, 1962 को खत्म हो गया था। इसमें दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हो गए थे कि एक-दूसरे की सामरिक चिंताओं व सुरक्षा संबंधी आशंकाओं को दूर किया जाएगा। दरअसल, इस संकट को टालने वाले अमेरिका व सोवियत संघ के शासनाध्यक्षों को दूसरे विश्व युद्ध का व्यक्तिगत अनुभव था। वे जानते थे कि अगस्त 1945 में जापान के हिरोशिमा और नागासाकी में जो तबाही मची, वह कितनी भयावह थी? शायद इसीलिए, द्विपक्षीय तनाव के बढ़ते ही दोनों महाशक्तियों ने उचित समय पर खुद को शांत किया और अकल्पनीय परमाणु तबाही के साथ-साथ तीसरे विश्व युद्ध की आशंकाओं को भी खत्म कर दिया। सुलह का यह फॉर्मूला सैद्धांतिक तौर पर अमेरिकी अर्थशास्त्री थॉमस शेलिंग (1921-2016) के तर्कों से प्रेरित था, जो यह मानते थे कि एक-दूसरे के खतरों को स्वीकार करने से परमाणु युद्ध की आशंका कम हो जाती है। इस तरह से ‘म्यूचूअली एश्योर्ड डिस्ट्रक्शन’ (एमएडी) सिद्धांत का जन्म हुआ, जो यह मानता है कि परमाणु हथियारों का इस्तेमाल हमलावर व रक्षक, दोनों का विनाश सुनिश्चित करता है। मगर अभी जिस तरह से रूस और यूक्रेन उबल रहे हैं, क्या दुनिया अक्तूबर 1962 से सबक लेकर यह उम्मीद कर सकती है कि परमाणु संकट एक बार फिर से टल जाएगा? इसका जवाब हम पूरे विश्वास के साथ नहीं दे सकते, क्योंकि मौजूदा वैश्विक तकनीकी-सामरिक परिस्थिति 1962 के अमेरिका-सोवियत तनाव से बिल्कुल अलग है, और आज किसी भी राजनीतिक नेतृत्व की ‘तार्किक समझ’ को हल्के में नहीं लिया जा सकता। हालांकि, हमारा अनुभव यह भी कहता है कि नागासाकी के बाद दुनिया किसी अन्य परमाणु हमले का गवाह नहीं बनी। सन 1945 में अमेरिका एकमात्र परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र था, फिर 1949 में सोवियत संघ भी इस क्लब का हिस्सा बन गया। आज नौ देश परमाणु हथियारों से लैस हैं। मगर उनकी असुरक्षा का दायरा भी लगातार व्यापक हुआ है और रूस ने तो अब बाकायदा मिसाल ही कायम कर दी कि कोई परमाणु महाशक्ति (रूस के पास दुनिया में सबसे ज्यादा 5,977 परमाणु हथियार हैं, जिनमें से 1,458 सामरिक श्रेणी के हैं) किस तरह एक क्षेत्रीय विवाद के समाधान के लिए परमाणु हथियार के इस्तेमाल को आवश्यक मानता है। ऐसे में, यह सवाल अब भी अनुत्तरित है कि परमाणु हथियार किसी देश को ‘सुनिश्चित सुरक्षा’ देता है या उसमें असुरक्षा की भावना बढ़ाता है? भारत हमेशा से परमाणु तबाही के बारे में दुनिया को आगाह करने के लिए अपनी आवाज बुलंद करता रहा है, लेकिन वह समयानुसार यूक्रेन युद्ध पर तटस्थ है। संभवत: नई दिल्ली को असहमति दूर करने वाली व्यवस्था अपनाने की तरफ बढ़ना चाहिए।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

**श्रीमती अंजली जैन की कलम से...**





दोस्तों, जब घर छोड़कर निकलते हो तो घर में, चिड़चिड़ाहट, क्रूरता, लड़ाई-झगड़ा, उदासी का माहौल या होंठों पर मुस्कान छोड़कर निकलते हो? जरा सोचों।।

-अंजली जैन
7024460938

# सबके सहयोग से ही नीचे आएंगी कीमतें

यशवंतराव चव्हाण, तत्कालीन केंद्रीय वित्त मंत्री



देश की आर्थिक स्थिति पर समीक्षा मेरे मित्र कृषि मंत्री अहमद, एन के पी साल्वे तथा आर के सिन्हा द्वारा की जा चुकी है। विपक्ष के सदस्यों ने श्रीमती गांधी तथा कांग्रेस पार्टी की निंदा के अतिरिक्त कुछ नहीं कहा। यद्यपि मैं उनसे ठोस और प्रभावी उपायों की अपेक्षा कर रहा था। यह तो ठीक है कि कीमतें बढ़ी हैं। अब यह पता लगाना है कि इसका मूल कारण क्या है। ...कीमत वृद्धि मुख्यत: कृषि-उत्पादों में हुई है, उन वस्तुओं में, जिनकी फसल प्रभावित हुई थी। अब यह कहना कि महंगाई का कारण सरकारी नीतियां हैं, कहां तक ठीक है? यह कहना उचित नहीं है कि सरकार की नीतियों के चलते कृषि संबंधी वस्तुओं का उत्पादन संतोषजनक नहीं हुआ है। माननीय सदस्यों को पता है कि हमें एक युद्ध का सामना करना पड़ा है और युद्ध के बाद भी इस देश में एक करोड़ लोगों को भोजन देना पड़ा है। इस वर्ष भी कठिन स्थिति के बावजूद हमें बांग्लादेश को अनाज पहुंचाना था। हमने अनाज का काफी बड़ा भंडार जमा कर रखा था और इसीलिए हम अपने देश की रक्षा कर सके हैं। गत वर्ष पूर्वी भारत के अधिकांश हिस्से में बाढ़ आई थी और पश्चिमी, मध्य और दक्षिण भारत के अधिकांश भागों में अकाल की स्थिति पैदा हो गई थी । इस वर्ष भी खरीफ की फसल नष्ट हो गई है। आज हमारे देश को दैवी विपत्ति का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में सभी राजनीतिक दलों का कर्तव्य है कि वे किसी दल विशेष के हितों का ध्यान न रखकर सरकार के साथ सहयोग करें और देश को इस विपत्ति से बचाने के लिए उसकी मदद करें।

हम रबी के मौसम में उत्पादन बढ़ाने के लिए और हमारे पास जो कुछ उपलब्ध है, उसका उचित वितरण करने के लिए भरसक प्रयत्न कर रहे हैं। आगामी कुछ महीनों में पानी के अभाव के कारण लाखों पशुओं के लिए कठिन स्थिति पैदा हो सकती है। माननीय सदस्य हमारी आलोचना कर सकते हैं, पर उन्हें राष्ट्रहित ध्यान में रखकर इस समस्या पर विचार करना चाहिए। यह समस्या महंगाई की समस्या से कहीं अधिक गंभीर है ।

हमारे देश की 50 प्रतिशत जनता गंदी बस्तियों और देहातों में रहती है और हमें हर कीमत पर उनका ध्यान रखना है, ताकि उन्हें कोई कठिनाई न हो। जहां तक अनाज के व्यापार का नियंत्रण अपने हाथ में लेने का संबंध है, सरकार ने निर्णय किया है कि वह चावल और गेहूं के व्यापार को अपने हाथ में लेगी, ताकि वितरण प्रणाली में कोई बाधा न पड़े। हमने राज्य सरकारों से कह दिया है कि वे इस निर्णय को क्रियान्वित करने के लिए तैयार रहें। जहां तक अनाज के वितरण की वर्तमान व्यवस्था का संबंध है, मैं यह नहीं कह सकता कि सब जगह वह संतोषजनक होगी। परंतु मैं माननीय सदस्यों से अनुरोध करता हूं कि जहां व्यवस्था संतोषजनक नहीं है, वहां सुधार करने के लिए वे अपना सहयोग दें।

मैं इस बात को स्वीकार करता हूं कि वितरण प्रणाली में सुधार करने की गुंजाइश है। मैं यह नहीं कहता कि सब कुछ ठीक है। हम अवश्य सुधार करेंगे और मुझे आशा है कि अंततोगत्वा हमारी वितरण प्रणाली सफल होगी। सरकार ने निर्णय किया है कि वह ‘लेवी’ चीनी का व्यापार अपने हाथ में लेगी और मेरे विचार में दिसंबर के पहले सप्ताह में उसका वितरण आरंभ होगा। मुझे पूरी आशा है कि चीनी संबंधी इस नीति से चीनी की कीमत में कमी होगी। ...हम ऋण में और वृद्धि करने के प्रश्न पर विचार-विमर्श कर रहे हैं, जिससे अर्थव्यवस्था में हुई कुछ भूलें समाप्त की जा सकें। रिजर्व बैंक आज ही आगामी कुछ सप्ताहों में सार्वजनिक ऋण में100 करोड़ रुपये अधिक बढ़ाने के लिए मान गया है, ताकि मुद्रा उपलब्धि पर कुछ रोक लगाई जा सके और घाटे की अर्थव्यवस्था को कम करने में सहायता मिल सके। विद्युत की कमी के चलते औद्योगिक उत्पादन को धक्का पहुंचा है। हम इस समस्या को हल करने के लिए संगठित प्रयास कर रहे हैं...। प्रगति के साथ-साथ सामाजिक न्याय भी आवश्यक है। सामाजिक न्याय के बिना प्रगति का कोई अर्थ नहीं रह जाता।

मैंने यह बताने की कोशिश की है कि कीमतों में वृद्धि निश्चय ही चिंता का विषय है, परंतु इसे राष्ट्रीय समस्या समझकर हल करना चाहिए। यह समस्या केवल कीमत वृद्धि तक सीमित नहीं, बल्कि इसकी जड़ कहीं अधिक गहरी है। अत: इसके साथ निपटने के लिए हमें पूरे राष्ट्र का सहयोग चाहिए।

**( लोकसभा में दिए गए भाषण का अंश )**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:- 9827806026, 7869620239

ओम क्रियेशन कार्ड्स
• फैंसी एनवेलोप्स • वेडिंग कार्ड • कैलेंडर
आकर्षक, मनमोहक, फैंसी
शादी कार्ड
रायपुर से कम दाम में
शॉप नं. 9301816830, मो.-9301182010
पचरी पारा, कुआ चौक, बस स्टैण्ड रोड, दुर्ग

ओम यूनिफॉर्म
स्कूल यूनिफॉर्म एंड जनरल ऑर्डर सप्लायर्स
रवि अग्रवाल-9302834646
इंदिरा मार्केट, फरिश्ता कॉम्प्लेक्स के पास, दुर्ग

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)


Surana Jewellers
Certified Gems
Mo. 9303452485
Jawahar Chowk, Durg


कोठारी ज्वेलर्स
सोने-चांदी के आभूषणों के विक्रेता एवं निर्माता
जवाहर चौक, दुर्ग 491001
0788-2249990
94252-42323 नितिन
98261-29990 पवन
93029- 29990

महक सेनीटेशन



सी पी फिटिंग व सेनेटरी की भव्य रेंज किफायती दरों में
एक बार सेवा का मौका अवश्य दें
अनिल गुप्ता
मो. 9300280144
शाप नं. 102, 103, किशोर प्लाजा, ग्रीन चौक दुर्ग (छ.ग.)
अनिल गुप्ता, मो. 9300280144




श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



# समाज को आगे बढ़ाने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए- ताम्रध्वज साहू

श्रीकंचनपथ न्यूज

कवर्धा। प्रदेश के गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू गुरूवार को पंडरिया विकासखंड के ग्राम मोहतरा में तहसील साहू समाज संघ पंडरिया के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। मंत्री श्री साहू ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस दौरान समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों, युवाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पंडरिया विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष श्री थानेश्वर साहू, पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह उपस्थित थे।




गृह मंत्री श्री साहू ने कहा कि समाज के नागरिकों ने विश्वास के साथ पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां दी है। उन्हे इन कर्तव्यों का जिम्मेदारी से निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा की चुनाव लड़ना और पद पाना आसान है, लेकिन पद के अनुसार कार्य करना बहुत मुस्किल काम है। पद में आने के बाद बहुत गंभीर चिंतन करके समाज में क्या कार्य किया जाना है और कैसे समाज के लोगों को आगे बढ़ाना है, इस दिशा में कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा की पद पाने के बाद ईर्ष्या और घमंड, अभिमान से दूर रहना चाहिए।

मानव को हमेशा झुकना चाहिए। जिन इंसानों में झुकने का गुण होता है, वे संगठन को उतना ही ज्यादा मजबूत करेगा। हमे सिर्फ संख्या में ही बड़े नही होना चाहिए। हमारा आचरण, काम, नियमावली कार्य करने का तौरदृतरीका अच्छा होना चाहिए। इसके लिए हमारा विचार बड़ा होना चाहिए। समाज में कोई गरीब परिवार है और उनके घर में प्रतिभावान छात्र है तो समाज के लोगों द्वारा सहायता करके आगे बढ़ाना चाहिए। आने वाले पीढ़ी को केसे तैयार करना है इसके लिए चिंतन होना चाहिए। उन्होंने कहा की सामाजिक समरसता होना चाहिए। एक समाज से दूसरा समाज से अच्छा संबंध बनाना चाहिए। सभी समाज से रिश्ता मजबूत करना चाहिए। समाज को आगे बढ़ाने के लिए नयादृनया योजना लागू करना चाहिए। जिस प्रकार बहते जल निर्मल होता है उसी प्रकार ही समाज की गतिविधियां निरंतर होते रहना चाहिए। पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष थानेश्वर साहू ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। पंडरिया विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर ने बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शासन द्वारा समाज के विकास के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। इस दौरान श्रीमती विधायक चंद्राकर ने ग्राम मोहतरा में मंच के नवीनीकरण के लिए मोहतरा पंचायत को विधायक निधि से 5 लाख देने की घोषणा की।

इस अवसर पर जनपद सदस्य पारस बंगानी, शीतल साहू, विष्णु साहू,गजपाल साहू, शीतल साहू, जल्लूराम साहू, होरीलाल साहू, चोवा साहू सहित समाज के प्रतिनिधिगण, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# भिलाई चेम्बर का आया त्योहार, चलो बाजार अभियान शुरु

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज भिलाई इकाई द्वारा लोगों को अपने स्थानीय बाजारों से खरीददारी के प्रति जागरूक करने 'आया त्योहार– चलो बाजार' की शुरूआत लिंक रोड से की गई। इस दौरान चेम्बर टीम द्वारा बाजार में ग्राहकों का मुंह मीठा कराकर उन्हें बाजार से खरीददारी करने आमंत्रित किया गया।

## मिठाई खिलाकर ग्राहकों का बाजार में किया अभिनंदन



साथ ही चेम्बर टीम द्वारा इस अभियान का पोस्टर लॉन्च किया गया। चेम्बर द्वारा बाजार में रौनक बनाने एवं ग्राहकों व व्यापारियों के बीच आपसी रिश्ते मजबूत करने के उद्देश्य से इस अभियान की शुरूआत की गई। चेम्बर के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान की शुरूआत के साथ ही चेम्बर टीम द्वारा आसपास के क्षेत्रों में जाकर मनुहार पत्र के माध्यम से घर–घर लोगों को आमंत्रण दिया कि लोकल बाजारों में आये व दीपावली की खरीदारी करे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सीएसपी विश्वास चंद्राकर ने भिलाई चेम्बर के इस अभियान को बाजारों को रौनक बढ़ाने व व्यापारियों के लिए सराहनीय प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि आया त्योहार चलो बाजार इस अभियान के तहत लोकल बाजारों में व्यापार बढ़ेगा और व्यापारी भी अच्छा महसूस करेगा क्योंकि पिछले 2 वर्षों से कोरोना ने अर्थव्यवस्था को अस्थिर कर रखा था, ये अभियान अच्छा है।

श्री भसीन ने अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि भिलाई चेम्बर का ये अभियान बाजारों को रौनक वापस लाने में मील का पत्थर साबित होगा। विशेष अतिथि ट्रैफिक्र डीएसपी सतीश ठाकुर ने अपने वक्तव्य में भिलाई चेम्बर के कर्यो की सराहना की। भिलाई चेम्बर अध्यक्ष गारगी शंकर मिश्रा ने बताया कि इस अभियान में बाजारों में हर दुकान पर पोस्टर लगाकर ऑनलाइन से दूर बाजारों से करे खरीददारी का संदेश दे रहे है। क्योंकि लोकल बाजार व हमारे लोकल व्यापारी सामाजिक व्यवहार बनाने में और खुशियां देने में हमेशा अग्रणी रहते है। इस अभियान के माध्यम से सामाजिक मेल मिलाप, खुशियां व आनंद का वातावरण निर्मित करने का एक सामूहिक प्रयास है।

## खास खबर

### कुपोषण से मुक्ति के लिए लड़ें निर्णायक लड़ाई - कलेक्टर

**जगदलपुर।** कलेक्टर चंदन कुमार ने महिला एवं बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान कुपोषण को हराने के लिए निर्णायक लड़ाई की आवश्यकता बताई। शुक्रवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा कक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि कुपोषण के कारण सिर्फशरीर ही नहीं मानसिक कमजोरी भी होती है। उन्होंने कहा कि कुपोषण को कम करने के लिए उन क्षेत्रों की पहचान करें, जहां कुपोषण की दर अधिक है। उन क्षेत्रों में कुपोषण के अधिक दर के कारण को भी जानें। कलेक्टर ने कहा कि कुपोषण की समस्या को दूर करने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और मितानीन के साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग व स्वास्थ्य विभाग के सेक्टर और परियोजना स्तरीय अधिकारियों की भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र तक लाने के लिए पालकों को मानसिक रुप से तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके लिए पालकों से सतत संवाद बनाए रखने की आवश्यकता बताई। कलेक्टर ने कहा कि कुपोषण की समस्या को दूर करना छत्तीसगढ़ शासन की प्राथमिकता है तथा जिला प्रशासन द्वारा भी इस दिशा में सभी कदम उठाए जा रहे हैं। कुपोषित बच्चों और गर्भवती माताओं को गर्म भोजन के रुप में खिचड़ी, रागी का हलवा और अण्डा दिया जा रहा है। उन्होंने इन योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इन योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की समस्या से तत्काल अवगत कराने को भी कहा, जिससे इनका समाधान सुनिश्चित किया जा सके। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका की नियुक्ति सुनिश्चत करने, कार्यकर्ता और सहायिका का प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### राज्य स्तरीय प्रतिस्पर्धा में दुर्ग जोन बना ओवरऑल चैंपियन

# विशेष प्रतिभाओं को पहचान कर आगे बढ़ने का देना होगा अवसर- मंत्री सिंहदेव

श्रीकंचनपथ न्यूज

अम्बिकापुर । छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री टीएस सिंहदेव की मुख्य आतिथ्य में 22वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन समारोह शुक्रवार को शासकीय बहु उद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अम्बिकापुर के प्रांगण में संपन्न हुआ। 22वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करते हुए दुर्ग जोन ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जनरल चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया वहीं रायपुर जोन द्वितीय एवं सरगुजा जोन तृतीय स्थान पर रहा।




समापन समारोह में जोन के खिलाड़ियों के द्वारा मार्च पास्ट किया गया तथा स्थानीय स्कूली छात्रों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। अतिथियों के द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किया गया तथा मुख्य अतिथि के द्वारा प्रतियोगिता समापन की विधिवत घोषणा की गई।

मंत्री सिंहदेव ने सफ्ल व असफ्ल दोनों खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा हमारी सरकार खेलों को महत्व देते हुए बेहतर संसाधन देने का काम कर रही है जिससे खेल के क्षेत्र में परिवर्तन दिखाई दे रहा है और प्रतिभागियों को खेल का अवसर मिलते जा रहा है। विशेष प्रतिभाओं को पहचान कर आगे अवसर देना होगा तभी भविष्य में वे खिलाड़ी अपने समाज, जिला, प्रदेश व देश का नाम रोशन करेंगे। खिलाड़ी अपनी क्षमता के अनुसार प्रयास करेंगे तो सफ्लता जरूर मिलेगी। उन्होंने कहा कि खेल के साथ–साथ पढ़ाई में भी समय दें। वर्तमान में छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक भी चल रहा है जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के साथ ही शहरी क्षेत्र के लोग पारंपरिक खेलों में बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं।

कलेक्टर कुंदन कुमार ने कहा कि सरगुजा की उपलब्धि है कि यहां 4 दिवसीय राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता आयोजन का अवसर मिला। करीब 800 स्कूली बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बच्चों के साथ कोच और मैनेजर भी 4 दिन तक हमारे अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि खेल एक ऐसी विधा है जो व्यक्तिओं को आपस में जोड़ता है। व्यक्ति में खेल भावना आ जाए तो वह किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकता है।

प्रतियोगिता का परिणाम– बास्केटबॉल 14 वर्ष बालक प्रथम दुर्ग, द्वितीय रायपुर, तृतीय सरगुजा जोन, बास्केटबॉल 14 वर्ष बालिका प्रथम दुर्ग, द्वितीय रायपुर, तृतीय सरगुजा जोन, वुडबाल 19 वर्ष बालक प्रथम रायपुर, द्वितीय दुर्ग, तृतीय सरगुजा जोन, वुडबाल 19 वर्ष बालिका प्रथम दुर्ग, द्वितीय रायपुर, तृतीय सरगुजा जोन, मिनी गोल्फ 19 वर्ष बालक प्रथम दुर्ग, द्वितीय सरगुजा, तृतीय रायपुर जोन, मिनी गोल्फ 19 वर्ष बालिका प्रथम रायपुर, द्वितीय दुर्ग, तृतीय सरगुजा जोन, क्रिकेट सुपर सेवन 19 वर्ष बालक प्रथम दुर्ग, द्वितीय बिलासपुर, तृतीय रायपुर जोन, क्रिकेट सुपर सेवन 19 वर्ष बालिका प्रथम दुर्ग, द्वितीय बिलासपुर, तृतीय रायपुर जोन, तैराकी 14, 17 व 19 वर्ष बालक प्रथम बिलासपुर, द्वितीय रायपुर, तृतीय दुर्ग जोन, तैराकी 14, 17 व 19 वर्ष बालिका प्रथम बिलासपुर, द्वितीय रायपुर, तृतीय दुर्ग जोन तथा वाटरपोलो 19 वर्ष बालक प्रथम बिलासपुर, द्वितीय दुर्ग तथा तृतीय बस्तर जोन रहा। सहभागिता पुरस्कार बस्तर जोन, बिलासपुर जोन, दुर्ग जोन, रायपुर जोन, सरगुजा जोन को प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं वनौषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक, बीस सूत्रीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मधु सिंह, महापौर डॉ अजय तिर्की, जिला पंचायत सदस्य श्री राकेश गुप्ता, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण हेमंत उपाध्याय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पीएस सिसोदिया, जिला शिक्षाधिकारी संजय गुहे तथा सभी जोन के अधिकारी एवं प्रतिभागी खिलाड़ी छात्र उपस्थित थे।

# शासन की प्रोत्साहन योजनाओं और अच्छी बारिश से इस बार बंपर फसल की उम्मीद

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। अभी संभाग में एक नवंबर से धान खरीदी होनी है। इसके लिए किसानों को समितियों में अच्छी व्यवस्था मिले, यह सुनिश्चित कर लें। इस बार बारिश काफी अच्छी हुई है। संभाग में 112 प्रतिशत बारिश हुई है। अतएव बंपर फसल होगी। धान की खरीदी की बेहतरीन व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें। यह निर्देश संभागायुक्त महादेव कावरे ने अपर कलेक्टर्स एवं अन्य विभाग के संभागीय स्तर के अधिकारियों को दिये।

कावरे ने कहा कि धान खरीदी में किसी तरह की दिक्कत न आये, इसके लिए गिरदावरी कराई जाती है। यह देख लें कि गिरदावरी की डाटा एंट्री बेहतर तरीके से हो सके। इस मौके पर सभी जिलों के अपर कलेक्टर, उपायुक्त विकास अजय मिश्रा, उपायुक्त राजस्व अवधराम टंडन, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी एचआर ध्रुव, संयुक्त संचालक कृषि आरके राठौर, संयुक्त संचालक शिक्षा पीके पांडे, सीएसपीडीसीएल कार्यपालक निदेशक जांभुलकर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

रबी फसल के लिए बीज भंडारण, उपलब्धता, वितरण की व्यवस्था अच्छी हो– संभागायुक्त ने कहा कि शासन की मंशानुरूप दलहन और तिलहन के रकबे के तथा अन्य फसलों के विस्तार की दिशा में भी कार्य करें। इसके लिए बीज और खाद के भंडारण, उपलब्धता और वितरण की स्थिति बढ़िया होनी चाहिए। बीज कम नहीं होने चाहिए और सभी बीज उपचारित होने चाहिए। फसल बीमा आदि के भुगतान आदि के प्रकरण भी लंबित नहीं होने चाहिए।

जिनके रिकाड्र्स उपलब्ध नहीं हैं उनके जाति प्रमाणपत्र से संबंधी प्रस्ताव ग्राम सभा में रखें– संभागायुक्त ने जातिप्रमाणपत्र निर्माण की प्रगति की जानकारी भी ली। अधिकारियों ने बताया कि संभाग में पिछले डेढ़ सालों के दौरान दो लाख पांच हजार जाति प्रमाण पत्र बने हैं। संभागायुक्त ने कहा कि शेष आवेदनों के निपटारे के लिए शिविर लगाएं। साथ ही उन्होंने कहा कि धरमजयगढ़ में गांवों में जाति प्रमाणपत्र के लिए अच्छा प्रयोग किया गया। यहां कुछ लोगों के मिसल रिकार्ड नहीं थे। ऐसे में पंचायतों में ग्रामसभा बुलवाई गई और ग्रामसभा ने इन पर विचार कर प्रस्ताव किया। जिन मामलों में मिसल रिकार्ड नहीं मिल पा रहे, उनके प्रस्ताव पर ग्रामसभा विचार कर सकती है। हिंदी मीडियम के सैजेस में भी किसी से फीस न ली जाए– संभागायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्पष्ट निर्देश दिये हैं।

### निवास प्रमाण पत्र बनाने के लिए मितान के टोल फ्री नंबर 14545 पर किया कॉल

# आधे घंटे में घर पहुंचा कर मितान ने दिया निवास प्रमाण पत्र, सिया चौबे के खुशी का नहीं रहा ठिकाना

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। मुख्यमंत्री मितान योजना के तहत सेक्टर 6 निवासी सिया चौबे को महज आधे घंटे में घर पर ही प्रमाण पत्र मिल गया इससे इनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। दरअसल सिया ने मुख्यमंत्री मितान योजना के तहत टोल फ्री नंबर 14545 पर संपर्क करके निवास प्रमाण पत्र बनाने मितान से कहा था।



मितान ने दस्तावेज की जानकारी लेकर प्रमाण पत्र तैयार कर दिया और महज आधे घंटे के भीतर सिया को उनके सेक्टर 6 स्थित निवास में जाकर प्रमाण पत्र प्रदान किया। सिया चौबे प्रमाण पत्र पाकर माननीय मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद देते हुए बोली कि माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी छत्तीसगढ़ शासन ने मितान योजना को प्रारंभ कर लोगों के जरूरी प्रमाण पत्र बनाने की चिंता को दूर कर दिया है। पहले प्रमाण पत्र के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते थे इसके अलावा कई सारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था परंतु अब प्रमाण पत्र बनवाने के कार्य की राह आसान हो गई है।

उन्होंने आगे बताया कि योजना की अच्छी खासियत यह है कि केवल टोल फ्री नंबर पर संपर्क करना है और सीधे मितान घर पर पहुंचकर प्रमाण पत्र दें रहे है। महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने अधिक से अधिक लोगों को इस योजना का लाभ दिलाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। इसी तारतम्य में जबसे योजना की शुरुआत हुई है तब से लेकर आज तक 1715 लोगों को प्रमाण पत्र जारी कर लाभान्वित किया जा चुका है। अगर मितान योजना के माध्यम से जारी होने वाले प्रमाण पत्र की बात करें तो टोल फ्री नंबर 14545 के माध्यम से विवाह प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र में सुधार, मृत्यु प्रमाण पत्र में सुधार, दुकान के लिए पंजीयन प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र इसके माध्यम से बनवाए जा सकते हैं। इन सभी प्रमाण पत्र को प्राप्त करने के लिए किसी भी ऑफिस के चक्कर काटने की आवश्यकता नहीं है केवल और केवल घर बैठे टोल फ्री नंबर 14545 पर कॉल करके संपर्क करना है, प्रमाण पत्र से संबंधित पूरी जानकारी भी मितान के माध्यम से मिल जाएगी।

## सड़को पर लगाई दुकान,यातायात बाधित होने पर निगम समान जप्ती के साथ वसूलेगी अर्थदण्ड

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा अंतर्गत सड़क पर अवैध सब्जी पसरा लगाने वालों को निगम ने समझाईश देते हुए हटवाया।आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने सड़क पर दुकान लगाकर यातायात बाधित करने वालो पर कार्यवाही के लिए निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए।इस मौके पर सहायक बाजार अधिकारी थानसिंग यादव,ईश्वर वर्मा,शशिकान्त यादव,भुवनदास साहू सहित अमला मौजूद थे। सड़क पर दुकान सजाने वाले, सड़क बाधित होने की शिकायत मिलने पर निगम को कार्यवाही करने को कहा।


BIG BRAND
Premium Store
30% Off
70001 78467
70008 73376
Near KPS school ,
Nehru Nagar ,Bhilai

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65


CONTACT
Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर

### छत्तीसगढ़ में अब तक 1299.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2022 से अब तक राज्य में 1299.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से 14 अक्टूबर तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 2440.0 मिमी और सरगुजा में जिले में सबसे कम 627.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर में 1060.6 मिमी, बलरामपुर में 1100.8 मिमी, जशपुर में 1100.3 मिमी, कोरिया में 917.2 मिमी, रायपुर में 955.0 मिमी, बलौदाबाजार में 1197.8 मिमी, गरियाबंद में 1297.3 मिमी, महासमुंद में 1174.2 मिमी, धमतरी में 1354.5 मिमी, बिलासपुर में 1490.1 मिमी, मुंगेली में 1350.1 मिमी, रायगढ़ में 1242.6 मिमी, जांजगीर-चांपा में 1397.8 मिमी, कोरबा में 1255.7 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 1114.4 मिमी, दुर्ग में 1030.3 मिमी, कबीरधाम में 1179.5 मिमी, राजनांदगांव में 1260.6 मिमी, बालोद में 1332.8 मिमी, बेमेतरा में 741.8 मिमी, बस्तर में 1868.3 मिमी, कोण्डागांव में 1314.1 मिमी, कांकेर में 1596.1 मिमी, नारायणपुर में 1520.3 मिमी, दंतेवाड़ा में 1847.4 मिमी और सुकमा में 1623.0 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

### स्वास्थ्य संचालक ने ली स्वयंसेवी संगठनों की बैठक

**रायपुर।** राज्य में एनीमिया और सिकलसेल पर नियंत्रण व रोकथाम के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के संचालक भीम सिंह ने शुक्रवार को विभागीय अधिकारियों, महिला एवं बाल विकास विभाग, मेडिकल कॉलेज तथा स्वयंसेवी व गैर-सरकारी संगठनों के साथ बैठक की। उन्होंने बैठक में एनीमिया एवं सिकलसेल बीमारी पर नियंत्रण के लिए साझा रणनीति बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी संबद्ध विभागों तथा स्वयंसेवी व गैर-सरकारी संगठनों की सामूहिक कोशिशों से ही इन दोनों बीमारियों पर काबू पाया जा सकता है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संचालक भोसकर विलास संदिपान ने बैठक में कहा कि एनीमिया पर नियंत्रण के लिए इसके कारणों को जानना जरूरी है। उन्होंने एनीमिया को दूर करने स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पौष्टिक खाद्य पदार्थों के खान-पान को बढ़ावा देने और प्रेरित करने को कहा। बैठक में अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय सहयोगी संस्थाओं तथा गैर-सरकारी संगठनों द्वारा एनीमिया को दूर करने चलाए जा रहे कार्यक्रमों और गतिविधियों पर चर्चा की गई।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के नवा रायपुर स्थित मुख्यालय में हुई बैठक में स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त संचालक डॉ. सुरेंद्र पामभोई, एनीमिया के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. वी.आर. भगत, एनजीओ नोडल अधिकारी डॉ. कमलेश जैन, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के अधिकारी मौजूद थे। डब्ल्यूएचओ, जपाइगो, क्लिंटन फाउंडेशन, एविडेंस एक्शन, सीएफएआर, टाटा ट्रस्ट, पिरामल स्वास्थ्य, न्यूट्रिशियन इंटरनेशनल एवं अन्य गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि भी बैठक में उपस्थित थे।

# अपनी क्षमता का विकास कर, रोजगार लेने वाले से इतर रोजगार देने वाले बनें: राज्यपाल

**उपाधि धारण करना पर्याप्त नहीं, हमें निरंतर सीखने की है जरूरत: पूर्व इसरो चेयरमेन एएस किरण कुमार**

विद्यार्थियों को अनुसंधान से जोड़ने, राज्य सरकार और विश्वविद्यालयों को करना होगा समन्वित प्रयास

राज्यपाल सुश्री उइके आईसीएफएआई विश्वविद्यालय, रायपुर के प्रथम दीक्षांत समारोह में हुईं शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके नवा रायपुर स्थित निजी संस्थान में आयोजित आईसीएफएआई विश्वविद्यालय, रायपुर के प्रथम दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं। इस अवसर राज्यपाल सुश्री उइके ने विश्वविद्यालय के 23 स्वर्ण एवं 19 रजत पदक सहित 105 विद्यार्थियों को उपाधि वितरण की एवं उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्होंने इस उपलब्धि के लिए सभी अभिभावकों तथा संस्थान के शिक्षकों को भी बधाई दीं।



इस अवसर पर राज्यपाल ने विद्यार्थियों से सिर्फ रोजगार की चाह न रखकर ,रोजगार दाता बनकर देश के मैन्यफैक्चरिंग सेक्टर से जुड़ने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों से अनुसंधान से जुड़कर देश के विकास की संभावनाओं को तलाशने को भी कहा। इसके अलावा राज्यपाल ने सभा को संबोधित करते हुए सभी शिक्षा संस्थानों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप बेहतर शिक्षा की व्यवस्था करने को भी कहा। राज्यपाल ने समारोह में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह दीक्षांत विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। शिक्षा ग्रहण करने की यात्रा हमारे अस्थायी कदमों के साथ आरंभ होकर हमें जीवन की ऊंचाईयों तक ले जाती है। उन्होंने कहा कि दीक्षांत आपकी दीक्षा का अंत नहीं है। बल्कि यह आपके जीवन की यात्रा का एक हिस्सा है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आप सभी अच्छी शिक्षा प्राप्त कर अच्छे इंसान बनें। अच्छा इंसान ही अच्छे समाज का निर्माता होता है। राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि काम के प्रति आपकी ईमानदारी ही आपके भविष्य का निर्माण करेगी। आज देश के विद्यार्थियों को अपनी सोच में बदलाव लाने की आवश्यकता है। शिक्षा के द्वारा अपने ज्ञान को बढ़ाएं। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा न केवल हमारी क्षमता का निर्माण करती हैं बल्कि उसका निरंतर विकास भी करती है। पढ़ाई के बाद रोजगार के पीछे न भागें बल्कि अपनी क्षमता का विकास कर लोगों को रोजगार दें। सफल उद्यमी बनकर, रोजगार देने वाले बनें । अपने साथ-साथ कम कुशल और अन्य युवाओं को भी रोजगार देने वाला बनने का प्रयास करना चाहिए । इसके लिए भारत सरकार की मेक इन इण्डिया, स्टार्टअप योजना एवं मुद्रा योजना जैसी अन्य योजनाओं का लाभ उठाकर भारतीय मैन्यूफैक्चिरिंग क्षेत्र को मजबूत करने संबंधित कार्यक्रमों को गति प्रदान करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लाई गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन किया गया है। यह शिक्षा नीति से भारत में अदभुत प्रगति होगी, जिससे हमारे छात्र कुशल एवं आदर्श नागरिक बनकर विश्वविद्यालयों से निकलेगें। उन्होंने कहा कि हमारे देश में भिन्न-भिन्न भौगोलिक क्षेत्र में भाषाई भिन्नता पाई जाती है। नई शिक्षा नीति में प्रारंभिक शिक्षा मातृ भाषा में देने का प्रावधान है। साथ ही अब मेडिकल एवं तकनीकी शिक्षा भी राजभाषा हिंदी में हो सकेगी।

राज्यपाल सुश्री उइके ने देश में अनुसंधान के अहमियत को देखते हुए कहा कि उच्च शिक्षा के बाद अनुसंधान क्षेत्र से जुड़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या कम है। देश के विकास के लिए विद्यार्थियों को अनुसंधान क्षेत्र से जुड़ना बेहद आवश्यक है। विद्यार्थियों को योग्य शिक्षक के मार्गदर्शन और बेहतर सुविधाओं के साथ, अनुसंधान से जोड़ने के लिए राज्य सरकार और विश्वविद्यालयों को भी समन्वित प्रयास करना होगा। ताकि किसी भी प्रकार से अनुसंधान से जुड़े विद्यार्थियों को असुविधा का सामना न करना पड़े और विद्यार्थी अनुसंधानों से जुड़कर देश के विकास में अपना योगदान दे सकें।

राज्यपाल ने उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि उपाधि प्राप्त करने के बाद उपरांत आपकी अपने परिवार, समाज, राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी बढ़ जाती है। अभी तक सभी ने आपको कुछ न कुछ दिया है। अब आपकी अपनों एवं अपने राष्ट्र के प्रति कर्त्तव्यों के निर्वहन का अवसर है। इसलिये आप राष्ट्र के प्रति ईमानदार रहते हुए भारत को विश्वगुरू के स्थान पर स्थापित करने के हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कल्पना को साकार करने में सहभागी बनें।

इस अवसर पर समारोह के विशेष प्रवक्ता इसरो के पूर्व अध्यक्ष एवं पद्मश्री एएस किरण कुमार ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए अपने जीवन के अनुभवों को साझा किया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि देश को आर्थिक सुपरपावर बनाने के लिए अपने तकनीकी ज्ञान और कौशल को बढ़ाना होगा। इसी के द्वारा हम अपनी समस्याओं का समाधान कर पायेंगे। इसके लिए उन्होंने जीवन में निरंतर सीखते रहने की आवश्यकता बतलाई।

इस अवसर पर आईसीएफएआई विश्वविद्यालय, रायपुर के कुलाधिपति आर.पी. कौशिक, कुलपति एस.के. दुबे, निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष उमेश मिश्रा, कुलसचिव रवि किरण पटनायक एवं के.किशोर कुमार उपस्थित थे।

## वरिष्ठ नागरिकों के प्रति युवा संवेदनशील व्यवहार अपनाएं: ज्ञानेश शर्मा

**फिजियोथेरेपी के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य सुरक्षा विषय पर कार्यशाला संपन्न**

**छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने किया शुभारंभ**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने आज रायपुर के रोहणीपुरम स्थित स्थित राम मंदिर प्रांगड हाल में योग व फिजियोथेरेपी के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों की पूर्ण स्वास्थ्य सुरक्षा विषय पर कार्यशाला का शुभारंभ किया। एक दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन रीजनल रिसोर्स एवं ट्रेनिंग सेंटर मुंबई, सेंटर फॉर द स्टडी आफ सोशल चेंज मुंबई, हेल्पेज इंडिया छत्तीसगढ़ व सीनियर सिटीजन सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा किया गया था।




ज्ञानेश शर्मा ने वरिष्ठ नागरिकों के साथ होने वाले अत्याचार और अपराधों पर दुख व्यक्त करते हुए युवाओं के संवेदीकरण का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के प्रति युवा संवेदनशील व्यवहार अपनाएं। उन्होंने योग के माध्यम से व व्यक्तिगत स्तर पर हर वरिष्ठ नागरिक को सहयोग करने का आश्वासन दिया। मुम्बई की पूर्व डिप्टी मेयर निर्मला सावंत ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए बनाए गए माता पिता भरण पोषण अधिनियम 2007 के सम्बंध में जानकारी देते हुए अपने अनुभवों को साझा किया। हेल्पेज इंडिया के राज्य प्रमुख शुभांकर विस्वास ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य, हेल्प लाइन के माध्यम से दिए जा रहे सुविधाओं की जानकारी दी।

## विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के लिए बनेगी विशेष विकास परक कार्ययोजना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि विशेष पिछडी जनजाति समूह के विकास के लिए बनाई जाने वाली कार्य योजना में राज्य शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों को शामिल किया जाए। उन्होंने कार्ययोजना में अनुसूचित क्षेत्र के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, सुपोषण के विभिन्न कार्यों को शामिल करने कहा है। इस संबंध में उन्होंने संबंधित जिलों के कलेक्टरों, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न विभागों से विस्तार से चर्चा कर शीघ्र कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। यह निर्देश मुख्य सचिव ने जनजाति समूह मद के अंतर्गत कार्ययोजना तैयार करने हेतु गठित समिति की बैठक में अधिकारियों को दिए। बैठक में प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. आलोक शुक्ला, आदिवासी विकास विभाग के सचिव डीडी सिंह, सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी डॉ. एस.भारतीदासन, आयुक्त आदिम जाति तथा विकास विभाग सुश्री शम्मी आबिदी, संचालक कृषि अयाज तम्बोली, विशेष सचिव राजस्व एवं आपदा प्रबंधन जनक प्रसाद पाठक सहित शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी शामिल हुए।




## जिसके पास धर्म का धन नहीं है वह संसार का सबसे दरिद्र पुरुष: आचार्य विशुद्ध सागर

**रायपुर।** जिसके पास रत्न नहीं, स्वर्ण नहीं, धन-धान्य नहीं, दासी-दास नहीं, वह मित्र दरिद्र नहीं है, संसार का सबसे बड़ा दरिद्र तो वह है, जिसके अंत: करण में धम्म (धर्म) धन नहीं। जिनके पास भूमि नहीं, धन-धरती नहीं, कुटुंब-परिवार नहीं, लेकिन धर्म है वह संसार का सबसे विभूति संपन्न पुरुष है। यह संदेश सन्मति नगर फाफाडीह में आचार्य विशुद्ध सागर ने दिया।

आचार्य ने कहा कि धन से दरिद्र हो लेकिन धर्म से संपन्न हो उसे मेरा प्रणाम है। संसार की विभूति चाहिए तो धर्म धनी बन जाइए। संसार का धन भी तभी आएगा जब धर्म होगा।



जिसके पास वीतराग धर्म है वही जीव वित्त को प्राप्त कर सकता है। यदि आपको दिन में किंचित मात्र भी समय न मिलता हो तो रात्रि में भगवान का नाम ले लेना, रात्रि भोजन त्याग हमारे यहां बताया गया है, लेकिन भगवान का नाम तो दिन रात ले सकते हो।

आचार्य ने कहा कि कुछ ऐसे अभागे लोग हैं, जो दिन में व्यापार करते हैं, रात्रि में भोजन करते हैं और जो समय बचता है, घर के संबंधियों से संबंध की बातें करते हैं। जिससे सब कुछ मिलता है उस धर्म को भूल ही जाते हैं। यदि आपने वीतराग संपत्ति का आश्रय न लिया होता तो आज यहां तक नहीं होते। जितने भी मित्र आपके हैं सब से बोल देना कि एक बार भोजन का समय काट देना, पानी का समय रोक देना, लेकिन अरिहंत की भक्ति का समय मत रोकना, निर्ग्रंथों के दान का समय मत रोकना, बागेश्वरी जिनभारती जिनवाणी के श्रवण का समय मत रोकना।

## कुपोषण खत्म करने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है छत्तीसगढ़

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान समग्र सुपोषण की दिशा में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में चलने वाला छत्तीसगढ़ सरकार का एक महत्वपूर्ण अभियान है। मुख्यमंत्री बघेल का संकल्प है कि जब तक प्रदेश में कुपोषण से प्रभावित बच्चे सुपोषित नहीं हो जाते, तब तक यह अभियान जारी रहेगा। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान अपने लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है और बस्तर संभाग के दूरस्थ क्षेत्रों में बच्चों व महिलाओं को इस अभियान का लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कुपोषण



मुक्ति के लिए शुरू किए गए मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। पिछले तीन सालों में प्रदेश के लगभग 02 लाख 11 हजार बच्चे कुपोषण के चक्र से बाहर आ गए हैं। जबकि वर्ष 2019 में इस अभियान के शुरू होते समय कुपोषित बच्चों की संख्या 4 लाख 33 हजार थी। इस प्रकार कुपोषित बच्चों की संख्या में 48 प्रतिशत की कमी एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। इसके साथ ही योजना के तहत नियमित गरम भोजन और पौष्टिक आहार मिलने से प्रदेश की लगभग 85 हजार महिलाएं भी एनीमिया मुक्त हो चुकी हैं।

### मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान ने बचाई जूनिता की जान

मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के अंतर्गत दंतेवाड़ा को एनीमिया मुक्त बनाने हेतु कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत स्कूलों, आश्रम परिसरों में किशोरी बालिकाओं, गर्भवती महिलाओं की जांच की जा रही है और उनका उपचार किया जा रहा है। जिले के कुआकोंडा विकासखण्ड के पुजारी पारा की रहने वाली जूनिता की एनीमिया जांच की गई ।जूनिता गर्भवती थी और जांच के दौरान ये पाया गया कि वो एनीमिक है। इसकी वजह से रक्त में हीमोग्लोबिन का स्तर सामान्य से कम 5.6 पाया गया। जूनिता को हाई रिस्क गर्भवती महिला में चिन्हांकित कर उसका लगातार फॉलोअप किया गया गया और विशेष जांच करते हुए आयरन और कैल्शियम की गोलियां दी गई। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के प्रयासों का यह परिणाम यह हुआ कि जूनिता ने कुपोषण को हराया और 9 महीने बाद जिला चिकित्सालय में एक स्वस्थ बेटी को भी जन्म दिया।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


















# जिम में एक्सरसाइज के दौरान इन कारणों से आ सकते हैं चक्कर, सावधानी है जरूरी

आजकल लोग फिट रहने के लिए जिम में घंटों एक्सरसाइज करते हैं, लेकिन बहुत से लोगों को इस दौरान चक्कर या बेहोशी जैसा फील होता है। इसे वर्कआउट की थकान समझकर बहुत लोग नजरअंदाज कर देते हैं, जो गलत है। इससे फिट रहने के बावजूद आपकी जान भी जा सकती है। आज हम आपको बताएंगे कि जिम में एक्सरसाइज के दौरान व्यक्ति को चक्कर आने की क्या वजह हो सकती हैं।



### डिहाइड्रेशन

जब आप एक्सरसाइज कर रहे होते हैं तो आपके शरीर को तरल पदार्थों की जरूरत होती है और इनकी कमी होने पर डिहाइड्रेशन हो जाता है। शरीर में उर्जा के स्तर को बढ़ाने के लिए पानी एक बेहतरीन विकल्प है, इसलिए पर्याप्त पानी पीना जरूरी है। हालांकि, जिम ट्रेनर प्रोटीन शेक और अन्य चीजें लेने को कहते हैं, जो तभी लेने चाहिए जब आपकी डाइट में प्रोटीन की कमी हो। इसके लिए डॉक्टर से सलाह जरूर लें।

### ब्लड शुगर में गिरावट

एक्सरसाइज करते वक्त आपके शरीर को नियमित स्तर से अधिक शुगर की जरूरत होती है, इसलिए आपको ऐसा खाना खाना चाहिए जिसमें शुगर या ग्लूकोज मौजूद हो। ये आपकी सेहत को अच्छा और फायदेमंद रखने में मदद करेगा और चक्कर आना और बेहोशी को दूर रखेगा। 20-26 साल उम्र वालों में फास्टिंग शुगर लेवल 100 से 180 एमजी/डीएल, लंच के बाद 180 एमजी/डीएल और डिनर के बाद 100 से 140 एमजी/डीएल तक सामान्य माना जाता है।

### हाई इंटेनसिटी वर्कआउट

जब आप हाई इंटेनसिटी वर्कआउट (अधिक मेहनत वाली एक्सरसाइज) करते हैं तो शरीर पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। कभी-कभी शरीर इस तनाव को सहन नहीं कर पाता है जिससे आप बेहोश हो जाते हैं। ऐसी एक्सरसाइज तुरंत नहीं बल्कि वॉर्म अप एक्सरसाइज के बाद ही करनी चाहिए। ये रोजाना भी नहीं करनी चाहिए वरना दिल से जुड़ी समस्याएं शुरू हो सकती हैं। ऐसी एक्सरसाइज करने से पहले दिल की सेहत की जांच जरूर करवाएं।

### ब्लड प्रेशर में गिरावट

ऐसे लोग जिनका ब्लड प्रेशर कम रहता है, उन्हें जिम में हाई इंटेनसिटी एक्सरसाइज करने से जल्दी चक्कर या बेहोशी हो सकती है। इतना ही नहीं, इससे जान को भी खतरा हो सकता है। विशेषज्ञों के मुताबिक, एक बालिग व्यक्ति में 95-145/60-90 के बीच का ब्लड प्रेशर सामान्य माना जाता है, लेकिन यह भी शारीरिक स्थितियों पर निर्भर करता है। खासतौर पर एक्सरसाइज करने वाले लोगों को जल्दी-जल्दी ब्लड प्रेशर मापते रहना चाहिए।

### हेल्थ चेकअप करवाना क्यों है जरूरी?

अगर आपको जिम एक्सरसाइज के दौरान चक्कर आते हैं और थोड़ी देर आप नॉर्मल महसूस करने लगते हैं तो इसे नजरअंदाज बिल्कुल मत करिए। यह केवल कमजोरी नहीं, एक बड़ी समस्या हो सकती है, इसलिए हेल्थ चेकअप जरूर कराएं। इसके अलावा जिम में लोगों की सेहत पर नजर रखने के लिए एक डॉक्टर की मौजूदी बहुत जरूरी है ताकि किसी भी तरह की आपातकालीन स्थिति को संभाला जा सके।



## 42 साल की उम्र में श्वेता तिवारी ने पहनी हद से ज्यादा शॉर्ट पैंट

टीवी की हॉट और बोल्ड अभिनेत्री श्वेता तिवारी हमेशा अपनी कातिलाना अदाओं से फैंस का दिल जीत लेती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो चर्चाओं में आ जाती हैं। श्वेता तिवारी ने हाल ही में अपने लेटेस्ट कैसुअल फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें एक्ट्रेस श्वेता तिवारी का अंदाज देख कर फैंस उनके हुस्न की तारीफ करते हुए नही थक रहे हैं। टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने 42 साल की उम्र में भी अपनी हॉटनेस से फैंस को दीवाना बनाया हुआ है। श्वेता न सिर्फ अपनी काम बल्कि अपनी फिटनेस और खूबसूरती को लेकर हमेशा चर्चा में रहती हैं। एक्ट्रेस हमेशा अपनी तस्वीरों का जादू फैंस पर इस कदर चलाती हैं कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। हाल ही में श्वेता तिवारी ने अपने लेटेस्ट कैसुअल फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने व्हाइट कलर की शॉर्ट्स और डेनिम क्रॉप टॉप पहना हुआ है। ओपन स्ट्रेट हेयर और न्यूड मेकअप कर के एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपने इस लुक को बखूबी से निखारा है। अपने आउटलुक को कंप्लीट करने के लिए श्वेता तिवारी ने डेनिम क्रॉप टॉप के ऊपर ब्लू कलर का कोट पहना हुआ है। एक्ट्रेस श्वेता तिवारी जब भी अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं। इन तस्वीरों में अभिनेत्री कातिलाना पोज देते हुए हॉट फोटोशूट करवा रही हैं। उनकी ये अदाएं फैंस के दिलों पर खंजर चलाने का काम कर रही हैं।

## अनन्या पांडे ने पूरी की 'खो गए हम कहां' की शूटिंग

अनन्या पांडे अपनी अपकमिंग फिल्म 'खो गए हम कहां' की शूटिंग पूरी कर ली है। शूटिंग खत्म करने की जानकारी खुद अनन्या ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट से दिया है। बता दें कि इस फिल्म में अनन्या के साथ सिद्धांत चतुर्वेदी और आदर्श गौरव भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म लंबे समय से चर्चा में बनी हुई है। अनन्या पांडे ने फिल्म की रैप-अप की घोषणा करते हुए एक थैंक्यू नोट लिखा है, जिसमें उन्होंने फिल्म के डायरेक्टर अर्जुन वरेन सिंह सहित अपने को-स्टार्स और फिल्म क्रू मेंबर्स को धन्यवाद कहा है। अनन्या ने इंस्टाग्राम पर दो तस्वीर शेयर की है। पहली तस्वीर में वह डायरेक्टर को गले लगाते हुए दिख रही हैं। दूसरी तस्वीर में वह सिद्धांत चतुर्वेद और आदर्श गौरव के साथ दिखाई दे रही है। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए अनन्या ने कैप्शन में लिखा, मेरे लड़के.. हमने एक फिल्म बनाई है.. यह खो गए हम कहां पर एक रैप है। सबसे संतोषजनक, पौष्टिक, खोजपूर्ण और कैथेरिक अनुभव। मुझे नहीं पता था कि इतने सारे लोगों को एक साथ प्यार करना संभव है, लेकिन सेट पर मुझे हर दिन यही महसूस होता है, इस फिल्म से जुड़े हर एक व्यक्ति के लिए खास कर अर्जुन वरेन सिंह (डायरेक्टर) को धन्यवाद क्योंकि उन्होंने मुझे चुना। हर कदम पर मेरा हाथ पकड़ कर वैसे, इसे इतना सहयोगी बनाना और सेट पर बेहतरीन ऊर्जा लाना.. मुझे आशा है कि मैंने आपको गौरवान्वित किया है सिद्धांत चतुर्वेद और आदर्श गौर। यह पागल है कि हम इस यात्रा के माध्यम से हमारे पात्र कितने बन गए हैं, मुझे लगता है कि वे आप दोनों के साथ इतनी मजबूती से बंधन साझा करते हैं। इसके साथ अनन्या अपनी पोस्ट के आखिरी में फिल्म से जुड़े हर शख्स को थैंक्यू कहा है। आपको बता दें कि 'खो गए हम कहां' की शूटिंग खत्म करने के बाद अनन्या 'ड्रीम गर्ल-2' की शूटिंग में बिजी हो चुकी हैं।

# क्या करें जब प्रेग्नेंसी में हीमोग्लोबिन कम हो जाए, जानें बढ़ाने के टिप्स



मां बनने के दौरान शरीर में कई तरह की जटिलताएं आती हैं. जब आप प्रेग्नेंट होती हैं तो इस बात की आशंका हमेशा बनी रहती है कि आपमें खून की कमी या एनीमिया हो सकता है। दरअसल, जब एनीमिया होती है तो हेल्दी ब्लड सेल्स नहीं बनते. यानी ब्लड सेल्स में हीमोग्लोबिन की मात्रा बहुत कम हो जाती है. चूंकि हीमोग्लोबिन ही ऑक्सीजन को शरीर के सभी अंगों तक पहुंचाता है, इसलिए ऑक्सीजन को आपके शरीर के विभिन्न अंगों और बच्चे तक पहुंचने में दिक्कत होती है. प्रेग्नेंसी के दौरान बॉडी खून को ज्यादा बनाती है ताकि बच्चे का विकास हो सके.

रिपोर्ट के मुताबिक जब शरीर में आइरन या अन्य पोषक तत्वों की कमी हो जाती है तो खून का बनना भी कम हो जाता है. प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं में हीमोग्लोबिन का लेवल ज्यादा होना चाहिए. प्रेग्नेंट महिलाओं में हीमोग्लोबिन का लेवल 12 से कम नहीं होना चाहिए. अगर 11 से कम हो तो इसका मतलब है कि आपको एनीमिया है. अगर समय पर ध्यान न दिया जाए तो मां और बच्चे दोनों की सेहत को खतरा हो सकता है.

### हीमोग्लोबिन कमी के लक्षण क्या हैं

प्रेग्नेंसी के दौरान अगर शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी हो जाए तो सबसे ज्यादा थकान रहती है.

- ■घबराहट और कमजोरी महसूस होती है.
- ■त्वचा, होंठ और नाखून पीले पड़ने लगते हैं.
- ■कभी-कभी चक्कर भी आने लगता है.
- ■सांस लेने में कभी-कभी दिक्कत हो सकती है, सांस फूलने लगता है.
- ■दिल की धड़कन तेज हो सकती है.
- ■किसी चीज पर ध्यान केंद्रित करने में दिक्कत होती है.

### क्या करना चाहिए

प्रेग्नेंसी के दौरान खून के लेवल को मैंटेन रखना बहुत जरूरी है. इसके लिए अच्छी डाइट जरूरी है. विटामिन बी 12 की कमी के कारण हीमोग्लोबिन में कमी होती है. इसके लिए विटामिन बी 12 वाली डाइट लेनी चाहिए. डॉक्टर आपको मीट, अंडा और डेयरी प्रोडक्ट लेने की सलाह दे सकते हैं. इसके अलावा आयरन की कमी के कारण भी एनीमिया हो सकता है. आयरन की कमी को पूरा करने के लिए हरी पत्तीदार सब्जियां, मछली, पालक का साग, साबुत अनाज, बींस, मसूर की दाल, ड्राई फ्रूट्स, सीड्स आदि का सेवन करें. विशेषज्ञों के मुताबिक जब शरीर में विटामिन सी की पर्याप्त मात्रा होती है तो यह आयरन को बॉडी में एब्जोर्ब रखता है. इसलिए विटामिन सी से युक्त डाइट को लेना चाहिए. इसके लिए साइट्रस फ्रूट, स्ट्रॉबेरी, कीवी, टमाटर आदि का पर्याप्त सेवन करें.

# रिया कपूर की फिल्म से वापसी करेंगी सोनम कपूर



अभिनेत्री सोनम कपूर हाल ही में मां बनी हैं। वह जीवन के इस दौर का पूरी तरह से आनंद ले रही हैं। इधर, सोनम के प्रशंसक उनकी नई फिल्म की घोषणा का भी इंतजार करने लगे हैं। लोग जानना चाहते हैं कि सोनम पर्दे पर कब और किस फिल्म के साथ वापसी करेंगी। अब सोनम के कमबैक को लेकर कुछ रिपोर्ट्स सामने आई हैं। चर्चा है कि सोनम अपनी बहन रिया कपूर की फिल्म से वापसी कर सकती हैं।

रिपोर्ट के अनुसार सोनम की पर्दे पर वापसी के लिए रिया के पास एक अच्छी स्क्रिप्ट है। दोनों ने इसपर चर्चा भी की है। सोनम को पता है कि प्रशंसक उनका इंतजार कर रहे हैं, लेकिन फिलहाल वह कम से कम छह महीने पर्दे पर वापसी नहीं करने वाली हैं। वह छह महीने बाद अपनी फिटनेस और अन्य कामों पर ध्यान देंगी। सूत्रों की मानें तो सोनम सालभर के अंदर काम पर लौटने का सोच रही हैं।

सोनम और आनंद की 2018 में शादी हुई थी। इसके बाद से सोनम ज्यादातर पति के साथ लंदन में रह रही थीं। इस साल मार्च में सोनम ने अपनी प्रेग्नेंसी की खबर दी। इस दौरान वह सोशल मीडिया पर खूब ऐक्टिव रहीं और प्रेग्नेंसी से संबंधित पोस्ट करती रहीं। बीते 20 अगस्त को सोनम और आनंद एक बेटे के माता-पिता बने। उन्होंने अपने बेटे का नाम वायु रखा है। सोनम अंतिम बार 2020 में एके बनाम एके में दिखीं थीं।

सोनम ने कहा था, मैं कभी भेड़चाल नहीं चल रही थी। मैं बस अपना काम कर रही थी। मैं अब भी वही करुंगी। प्राथमिकताएं बदलती हैं, अब मेरा बच्चा मेरी प्राथमिकता होगा। बच्चे इस दुनिया में आना नहीं चुनते हैं, हम उन्हें लाना चुनते हैं। एक मां के रूप में मुझे जो कुछ भी करना चाहिए, मैं परिवार और करियर में किसने किसे दी तवज्जो?

हाल ही में आलिया भट्ट ने मां बनने के बाद करियर के सवाल पर कहा था कि वह पेशेवर जिंदगी और अपने परिवार पर बराबर का ध्यान देंगी। करीना कपूर पिछले साल दूसरी बार मां बनी हैं। दोनों ही बार प्रेग्नेंसी के दौरान और मां बनने के बाद वह काम में व्यस्त नजर आईं। वहीं, ऐश्वर्या राय बच्चन, माधुरी दीक्षित जैसी अभिनेत्रियों ने मां बनने के बाद काम से ब्रेक लेने का फैसला किया था।

# क्राइम थ्रिलर अजीनोमोटो फ्लेवरफुल स्लो पॉइजन की अवधारणा पर आधारित है

तमिल स्टार विजय सेतुपति ने शुक्रवार को निर्देशक मथिराज अयम्परुमल की आगामी क्राइम थ्रिलर अजीनोमोटो का फर्स्ट लुक और मोशन पोस्टर जारी किया। कहा जाता है कि यह फिल्म धीमे जहर की अवधारणा पर आधारित है, जो शुरू में आकर्षक लगती है लेकिन लंबे समय में इसके गंभीर परिणाम होते हैं।

फिल्म के बारे में बात करते हुए, निर्देशक अयम्परुमल कहते हैं, अजीनोमोटो एक स्वाद बढ़ाने वाला है। लेकिन वास्तव में यह एक तरह का जहर है जो इंसानों को धीरे-धीरे मारता है।उन्होंने आगे फिल्म के पात्रों के द्वंद्व के बारे में बात की, इस फिल्म में कुछ स्थितियां एक बिंदु पर इसमें दिखाई देने वाले कुछ पात्रों को अच्छी लगती हैं।

लेकिन जिस तरह सामग्री बाद में बड़ा खतरा पैदा कर सकती है, वैसे ही ये पात्र इसमें शामिल हो सकते हैं। ऐसे कार्य जो कठिन परिणाम दे सकते हैं। निदेशक ने आगे कहा, उनके कार्यों के परिणाम गंभीर हैं और फिल्म की पटकथा द्वारा दिलचस्प और स्पष्ट रूप से समझाया गया है।

जब ऐसे अनुभवों को एक पटकथा के माध्यम से वर्णित किया जाता है जो दर्शकों को एक विहंगम दृश्य देता है, तो दर्शकों को एक नए तरह के अनुभव का आश्वासन दिया जाता है। आर एस कार्तिक फिल्म में नायक की भूमिका निभाते हैं, जिसमें गायत्री रेमा, आराध्या, श्याम, अनंत नाग और प्रांशु तिवारी भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।

# 'फालतू' का उद्देश्य लैंगिक समानता पर जागरूकता पैदा करना हैः निहारिका चौकसे




'ये रिश्ता क्या कहलाता है' की अभिनेत्री निहारिका चौकसे फिलहाल 'फालतू' शो का हिस्सा हैं, जिसका उद्देश्य लैंगिक समानता के बारे में जागरूकता पैदा करना है। हाल ही में, निहारिका को सोशल मीडिया पर एक लड़की निराशा का वीडियो मिला, जो मुंबई की रहने वाली है। उसे यह नाम इसलिए पड़ा क्योंकि उसके माता-पिता एक लड़का पैदा करने के इच्छुक थे। अभिनेत्री शो में मिली समानता और इस लड़की और समाज में ऐसी कई लड़कियों की कहानी के बारे में बात करती हैं।

वह कहती है- आज, मुझे एक युवा लड़की का वीडियो मिला, जिसके माता-पिता ने उसका नाम निराशा रखा है। मुझे बहुत दुख हुआ कि यह अभी भी हमारे समाज में हो रहा है। ठीक यही हमारा नया शो 'फालतू' है .. हम लैंगिक समानता के बारे में जागरूकता पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। लड़कियां अकेली नहीं हैं और वह जो चाहें हासिल कर सकती हैं।

वह आगे कहती हैं कि वह एक यथार्थवादी किरदार निभाकर खुश हैं। निराशा की कहानी बिल्कुल वैसी ही है जैसी हम अपने नए शो में दिखा रहे हैं और मैं बहुत आभारी हूं कि मुझे अपने चरित्र के माध्यम से वास्तविक और संबंधित चीजें दिखाने का अवसर मिला है, जिसके साथ कई लड़कियां संबंधित होंगी। मैं बस यही चाहती हूं कि हमारा समाज अच्छे के लिए बदल जाए।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### सहायक एवं कनिष्ठ अभियंताओं के लिए विधिक सेमीनार का आयोजन

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूषन कम्पनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र के क्षेत्रीय मुख्यालय स्थित बहुद्देषीय हॉल में आयोजित दो दिवसीय विधिक सेमीनार के तहत विद्युत चोरी प्रकरणों के संबंध में कानूनी प्रक्रिया एवं विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 एवं 138 के संदर्भ में विद्युत कंपनी के अधिकारियों को महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई। इस सेमीनार में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूषन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता एम.जामुलकर एवं वितरण कंपनी द्वारा अंनुबंधित अधिवक्ता विजय कसार द्वारा दुर्ग क्षेत्र के सहायक एवं कनिश्ठ अभियंताओं को कानूनी प्रक्रिया के अंतर्गत किये जाने वाले समस्त दस्तावेजी कार्यवाही से लेकर न्यायालीन प्रक्रियाओं के बारे में अवगत कराया गया। विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 तथा विद्युत चोरी प्रकरण पर कानूनी प्रक्रिया का पालन विशय पर आयोजित इस सेमीनार में मुख्य अभियंता एम.जामुलकर ने कहा कि विद्युत चोरी के प्रकरणों पर सभी कानूनी प्रक्रियाओं का नियमानुसार पालन किये जाये।

### सपोर्टिव सुपरविजन कार्यशाला का दूसरा चरण सम्पन्न

**महासमुंद।** जिला प्रशासन और यूनिसेफके संयुक्त तत्वावधान में सपोर्टिव सुपरविजन विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का दूसरा चरण का 12 और 13 तारीख को ज़िला पंचायत के सभागार में आयोजित हुआ। यह प्रशिक्षण, यूनिसेफ (छत्तीसगढ़) तथा जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से चालित 5 संकल्प ''स्वस्थ आज और कल'' में 5 संकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य, पोषण एवं अन्य सेवाओं का लोगों तक पहुंच बनाने में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारी के लिए आयोजित की गई। उक्त सेवाओं को विभिन्न प्रतिभागियों जैसे आंगनबाड़ी सेविका, पंचायत प्रतिनिधि, मितानिन एवम् आंगनबाड़ी, धार्मिक नेता, प्रभावी व्यक्तियो के समूह, माताओं के समूह आदि तक पहुंच बनाने के आवश्यक संयोजन एवं प्रभावी संचार स्थापित करने हेतु सपोर्टिव सुपरविजन प्रशिक्षण पर कारगर साबित होगा।

# जल्द मिलेगी नागरिकों को आवागमन में सुविधा, सीमेंट रोड का भूमिपूजन

## नागरिको ने कहा सीमेंट सड़क की अतिआवश्यक थी अब आवागमन में नही होगी परेशानी रहवासियों ने विधायक व महापौर का आभार व्यक्त किया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत 6 वार्डो का विधायक अरुण वोरा ने महापौर धीरज बाकलीवाल,सभापति राजेश यादव,लोक कर्म प्रभारी अब्दुल गनी एवं वार्डो के पार्षद सहित नागरिको के बीच नारियल फोड़कर व् कुदाल चलाकर उक्त भूमिपूजन कार्यक्रम को संपन्न किया ।**



भूमिपूजन के अवसर पर विधायक ने कहा कि अच्छी सड़कों के बनने के बाद वार्ड के नागरिको के साथ साथ आम जनता को भी आवागन में बहुत आसानी होगी और बारिश के मौके में भी वो आसानी से आवाजाही कर सकेंगे। इस मौके सभापति राजेश यादव, दुर्ग शहर अध्यक्ष गया जी पटेल,एमआईसी सदस्य दीपक साहू,संजय कोहले,मनदीप सिंह भाटिया,पार्षद नरेंद्र बंजारे,श्रीमती लीना दिनेश देवांगन,श्रीमती चमेली साहू,श्रीमती सत्यवती विजयंत पटेल,मनीष साहू,पार्षद विजेंद्र भारद्वाज,बृजलाल पटेल,एल्डरमेन श्रीमती रत्ना नारमदेव,देव सिंहा,अजय गुप्ता,मनीष यादव, हरीश साहू, कृष्ण देवांगन, जगमोहन ढीमर,कार्यपालन अभियंता प्रमोद दुबे, सहायक अभियंता आरके पालिया,स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली,राजेन्द्र धबाले,अजय मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।शहर के सभी क्षेत्र में सड़कों की हालत को लेकर लगातार सुधार का क्रम जारी है। शुक्रवार को विधायक ने महापौर के साथ छह वार्डो बारी बारी। लर सीमेंट सड़क निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। उन्होंने लोगों से कहा कि सड़क के माध्यम से शहर के कोने कोने में विकास पहुंच रहा है। शहर क्षेत्र को विकसित हो रहा आगे और भी करना है। इसके लिए जरूरी है कि गली गली में सड़क का निर्माण हो,अब हम जोरशोर सड़क का निर्माण कर रहे हैं। लगातार इसके लिए शहर में विकास कार्य किया जा रहा है। इस दौरान मौजूद रहे अधिकारियों से से कहा कि वह सड़क निर्माण में किसी प्रकार की लापरवाही न करें। कहीं पर कोई दोषी मिला तो कार्रवाई तय है। इन सड़क निर्माण के लिए हुआ भूमि पूजन इन वार्डो में होगा भूमिपूजन -वार्ड क्र .01 राम चंद नगर में राजकुमार तिवारी से पोल नंबर 01/228 डब्लू एमएम व सीमेंटीकरण रोड 1,वार्ड क्र.02 राजीव नगर में माता घर से तिरंगा चौक से हनुमान मंदिर वर्मा घर से सोनकर घर तक /सी.सी. रोड निर्माण,वार्ड क्र.03 रविन्द्र किराना से बढई घर तक, बढई घर से राजेश साहू तक / सी.सी. रोड निर्माण,वार्ड क्र 04. गली नंबर 03 परमेश्वरी दरवाजा तक/सी.सी. रोड निर्माण,वार्ड क्र.05 सुलभ शौचालय से रज्जू चंद्राकर के घर तक /सी.सी. रोड निर्माण,वार्ड क्र.06 बिसे यादव के पीछे गली, कायस्थपारा गली/सी.सी. रोड,निर्माण सहित वार्ड क्र.06 शंकर शर्मा से पंचमुखी हनुमान मंदिर पटेल धर्मशाला गली, भागवत देवांगन गली/सी.सी. रोड निर्माण का भूमिपूजन हुआ/ कल दिनांक 15 अक्टूबर सुबह 10 बजे इन वार्डो 7,8,9,10,11 और 12 में किया जाएगा भूमिपूजन।

# स्वास्थ्य शिविर का मिला बेहतर रिस्पॉस, हर ब्लॉक में लगे स्वास्थ्य शिविर- मंत्री उमेश पटेल

## बर्रा में विशाल स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन, 2700 से अधिक मरीज हुए लाभान्वित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़। उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल के मुख्य आतिथ्य में जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से विकासखंड खरसिया के ग्राम बर्रा में विकासखण्ड स्तरीय विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 2700 से अधिक मरीज लाभान्वित हुए एवं गंभीर बीमारी के लक्षण वाले 303 लोगों को सर्जरी एवं उच्च चिकित्सा सेवा हेतु मेडिकल कालेज रायगढ़ एवं रायपुर के लिए रेफर हेतु चयनित किया गया है। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री निराकार पटेल भी उपस्थित रहे।**



उच्च शिक्षा मंत्री श्री पटेल ने मां सरस्वती, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिविर को संबोधित करते हुए श्री पटेल ने कहा की स्वास्थ्य सुविधाओं को लोगों के करीब ले जाने के लिए विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आवश्यक है। पूर्व से यहां स्वास्थ्य शिविर का अच्छा रिस्पांस मिलता है, यही कारण है कि इस बार पहला स्वास्थ्य शिविर प्राथमिकता के साथ ग्राम बर्रा में लगाया गया जहां अनुमान से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य शिविर में रजिस्ट्रेशन कर उसका लाभ उठाया, जो सराहनीय है। इसी को देखते हुए अन्य स्थानों में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाए। उन्होंने कहा कि आज के स्वास्थ्य शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक एवं स्वास्थ्य विभाग का कार्य सराहनीय है। जिला पंचायत अध्यक्ष निराकर पटेल ने कहा की शहीद श्री नंदकुमार पटेल द्वारा पूर्व में वृहद स्तर पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन प्रारंभ किया गया था, जिसमें लोग इसका लाभ लेते थे। जिस तरह से आज बड़ी संख्या में लोग यहां आए है, यह शिविर सफल हो गया। जिला पंचायत सीईओ श्री अबिनाश मिश्रा ने कहा कि उच्च शिक्षा मंत्री श्री पटेल एवं कलेक्टर श्रीमती रानू साहू के निर्देशानुसार ग्राम बर्रा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें जनरल मेडिसीन प्रदान के साथ संभावित दवाईयां उपलब्ध है। इसके अलावा मरीजों के लिए कैंसर, न्यूरोसर्जन, नेत्र एवं हड्डी रोग के विशेषज्ञ चिकित्सक मौजूद रहे। शिविर में दिव्यांगों के प्रमाणीकरण के लिए मेडिकल बोर्ड उपस्थित थे। सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर ने कहा की इस विशाल स्वास्थ्य शिविर में जिला प्रशासन का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। इसमें विभाग द्वारा स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की सेवा प्रदान की जा रही है एवं जांच के माध्यम से रेफर करने लायक मरीजों की पहचान की जा रही है, ताकि उन्हें बेहतर सुविधा प्रदान की जा सके। विकासखण्ड स्तरीय विशाल स्वास्थ्य शिविर में एमएमयू के माध्यम से चेकअप, बीपी, शुगर जैसे विभिन्न प्रकार के बीमारियों की जांच कर दवाई वितरण किया गया। स्वास्थ्य शिविर में अस्थि रोग, कैंसर रोग, हृदय रोग, मूत्र रोग, न्यूरोलॉजी, मेडिसीन विभाग, सर्जरी, स्त्री रोग, नेत्र रोग, शिशु रोग, चर्म रोग, मनोरोग, कान, नाक एवं गला, फिजियोथैरेपिस्ट, ऑडियोलॉजिस्ट, वयो वृद्ध जांच के विशेषज्ञ डॉक्टर उपस्थित थे।

# राजीव युवा मितान क्लब की टीम ने खुद सफाई कर स्वच्छता का दिया संदेश



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** राजीव युवा मितान क्लब की टीम ने श्री राम चौक मैदान एवं गौतम नगर उद्यान की सफाई की और स्वच्छता का संदेश प्रसारित किया। इससे पूर्व भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने टीम में शामिल युवाओं में जोश भरा और शासन प्रशासन की योजनाओं तथा राजीव युवा मितान क्लब के कार्य योजना के अनुरूप टीमवर्क से कार्य करने सभी से बारी बारी से चर्चा की। महापौर नीरज पाल ने कहा कि टीम भावना से कार्य से बड़े-बड़े कार्य भी आसान हो जाते हैं। सामाजिक, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़कर कार्य करें और अपनी टीम को हमेशा मजबूत रखें। खुर्सीपार के राजीव युवा मितान क्लब की टीम ने अपने हाथों में झाड़ू लिए श्री राम चौक परिसर और गौतम नगर उद्यान की सफाई की। महापौर परिषद के सदस्य तथा खेल एवं युवा कल्याण प्रभारी आदित्य सिंह, आशीष यादव, पूर्व पार्षद सौरभ दत्ता, अतुल श्रीवास्तव एवं राकेश राय ने राजीव युवा मितान क्लब की टीम के साथ सफाई का काम किया। उल्लेखनीय है कि निगम आयुक्त रोहित व्यास ने टीम को राजीव युवा मितान क्लब के गाइडलाइन के अनुरूप इससे संबंधित विशेष गतिविधियां अपनाने क्षेत्र में कार्य करने कहा है। राजीव युवा मितान क्लब की कार्यशाला भी आयोजित की गई जिसमें खेल गतिविधियां जैसे कबड्डी, खो-खो, योगा, कुश्ती, क्रिकेट, छत्तीसगढ़ी पारंपरिक खेल जैसे गेड़ी, फुगड़ी, भंवरा, पिट्ठूल की प्रतियोगिताएं एवं मनोरंजक प्रतिस्पर्धा करना। पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा और शारीरिक स्वास्थ्य, जागरूकता कार्यक्रम, शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार, नेतृत्व निर्माण कार्यक्रम, योजना प्रबंधन तथा प्रशासन कौशल, संस्कृति का संरक्षण एवं संवर्धन आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

## कैट ने देश भर में अपनी दीवाली-भारतीय दीवाली मनाने का आह्वान किया

# दीपावली उत्सव की खरीददारी से बाजार में आएंगे 2.5 लाख करोड़ रुपये

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल एवं मीड़िया प्रभारी संजय चौंबे ने बताया कि दिवाली त्यौहार का फेस्टिवल सीजन इस बार देश भर के व्यापारियों के लिए व्यापार के बड़े अवसर लेकर आ रहा है ।

उम्मीद है कि दिवाली की त्यौहारी खरीद एवं अन्य सेवाओं के जरिये लगभग ढाई लाख करोड़ रुपये की तरलता का बाज़ार में आने की संभावना है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने कहा कि धन के इस पर्याप्त प्रवाह से व्यापारिक समुदाय को वित्तीय संकट से मुक्ति मिलने की भी उम्मीद है। दो वर्षों के बाद वर्तमान दिवाली उत्सव बिना किसी कोविड प्रतिबंध के मनाया जाएगा, जो उपभोक्ताओं को दिवाली के लिए खरीदारी करने के लिए देश के हर शहर में वाणिज्यिक बाजारों में आने के लिए प्रेरित कर रहा है। दिवाली का त्यौहारी खरीदी उत्सव नवरात्रि के दिन 26 सितंबर से शुरू हो चुका है और तुलसी विवाह के दिन 5 नवंबर तक चलेगा। कैट के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने कहा की 8 अक्टूबर को केंद्र सरकार द्वारा डीए में 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी और 12 अक्टूबर को वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए अराजपत्रित रेल कर्मचारियों को 78 दिनों के वेतन के बराबर उत्पादकता-लिंक्ड बोनस (पीएलबी) देने की सरकार की घोषणा से बाजार में नकद प्रवाह को गति मिलेगी।

श्री पारवानी और श्री दोशी ने कहा कि एक अनुमान के अनुसार, दिवाली उत्सव के कारोबार में डेढ़ लाख करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार दर्ज करने की उम्मीद है दिवाली से संबंधित यात्राओं एवं अनु सेवाओं के उपयोग पर एक लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च होने की उम्मीद है। ऑटोमोबाइल क्षेत्र के शीर्ष संगठन फाडा द्वारा हाल ही में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, नवरात्रि की अवधि के दौरान ऑटोमोबाइल की कुल खुदरा बिक्री में 57 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई। वाहनों की सभी श्रेणियों में टू व्हीलर, थ्री व्हीलर, वाणिज्यिक वाहन, निजी वाहन और ट्रैक्टरों में क्रमश: 52 प्रतिशत, 115 प्रतिशत, 48 प्रतिशत, 70 प्रतिशत और 58 प्रतिशत की अत्यधिक उच्च वृद्धि हुई है। ये आंकड़े दिवाली उत्सव के दौरान अपेक्षित मजबूत कारोबार दिखाते हैं। एक अनुमान के अनुसार दिवाली त्योहार की अवधि के दौरान छोटे से लेकर उच्च श्रेणी के सभी प्रकार की वस्तुओं के लगभग 5 करोड़ उपहारों का आदान-प्रदान किया जाता है, जो दिवाली उत्सव की बिक्री में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

श्री पारवानी और श्री दोशी ने कहा कि महत्वपूर्ण रूप से इस वर्ष दिवाली में भारतीय उत्पादों की बिक्री एवं खरीद पर ही ज्यादा जोर है जिसके कारण चीन को देश के व्यापारियों एवं उत्पादकों ने लगभग 60 हजार करोड़ रुपये के व्यापार का झटका दिया है। यह वो आंकड़ा है जो पहले चीन दिवाली की बिक्री से संबंधित सामान भारत को निर्यात करता था। गलवान की घटना के बाद भारतीय ग्राहकों ने अब चीनी सामान माँगना छोड़ दिया दिया है जिससे भारतीय उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देने में बहुत बढ़ावा मिला है।

कैट की रिसर्च शाखा कैट रिसर्च एंड ट्रेड डेवलपमेंट सोसाइटी, ने विभिन्न राज्यों के 25 शहरों में एक सर्वेक्षण का दूसरा दौर पूरा किया जिसमें बाजारों में उपभोक्ताओं की बिक्री और प्रवृत्ति और सामान खरीदने में उनकी पसंद के मुख्य बिंदु थे। सर्वेक्षण में माल की खरीद पर ग्राहकों के बदलते व्यवहार से यह जाहिर होता है कि भारतीय सामान की मांग अधिक है और उपभोक्ता यह सुनिश्चित करते हैं कि वे कोई चीनी सामान नहीं खरीद रहे हैं।

# यूनिवर्सल रेल मिल ने रेल उत्पादन में बनाये कई कीर्तिमान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के यूनिवर्सल रेल मिल ने 13 अक्टूबर, 2022 को विभिन्न प्रोडक्शन पैरामीटर्स जैसे रोलिंग, स्ट्रेटनिंग तथा 260 मीटर पैनल रेल वेल्डिंग में नए कीर्तिमान स्थापित किए है। इस अवसर पर संयंत्र के निदेषक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता और कार्यपालक निदेषक (वर्क्स) अंजनी कुमार ने रेल मिल बिरादरी को बधाई दी है।**

यूनिवर्सल रेल मिल ने 16 मार्च, 2022 को स्थापित 400 नग रेल्स की रोलिंग के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए 13 अक्टूबर, 2022 को 401 नग रेल्स की रोलिंग कर दैनिक उत्पादन का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इसी तरह बाइ-प्लानर स्ट्रेटनिंग मशीन के माध्यम से 390 रेलों को स्ट्रेट कर रेल स्ट्रेटनिंग का नया कीर्तिमान रचा है। विभाग के रेल स्ट्रेटनिंग शॉप ने 16 मार्च 2022 को बनाए गए 384 रेल स्ट्रेटनिंग के पिछले रिकॉर्ड को पार कर नयी उपलब्धि हासिल की है।

इसी कड़ी में भिलाई इस्पात संयंत्र के यूनिवर्सल रेल मिल ने 13 अक्टूबर, 2022 को 260 मीटर लंबी रेल की 179 पैनल्स की वेल्डिंग को पूर्ण कर दैनिक वेल्डिंग ज्वाइंट का नया कीर्तिमान स्थापित किया है जो कि 31 अगस्त, 2022 को स्थापित 260 मीटर लंबी रेल की 166 पैनल्स वेल्डिंग ज्वाइंट के दैनिक उत्पादन से कहीं अधिक है। भारतीय रेलवे की लंबे रेल पैनलों के संबंध में सभी मांगों को पूरा करने की दिषा में भिलाई इस्पात संयंत्र का यूनिवर्सल रेल मिल शीघ्र ही अपनी मापित क्षमता हासिल करने की ओर अग्रसर है।

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेषक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने यूआरएम बिरादरी को बधाई दी और साथ ही एसएमएस-3, पीपीसी, आरसीएल, इंकॉस, टी एंड डी और इंस्ट्रूमेंटेशन विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों को भी बधाई दी।

13 अक्टूबर, 2022 को सुबह के समय भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेषक (वर्क्स) अंजनी कुमार, यूआरएम बिरादरी के साथ रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्षन के दौरान उपस्थित थे। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु संपूर्ण यूआरएम बिरादरी को बधाई दी। मुख्य महाप्रबंधक (यूआरएम) अनीश सेनगुप्ता ने प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए इस उपलब्धि का श्रेय संपूर्ण यूआरएम बिरादरी और अन्य संबंधित विभागों और एजेंसियों को दिया है।


आवश्यकता है
श्रीकांत इंडस्ट्रीज को फैक्ट्री के अंदर साईट सुपरवाइजर की आवश्यकता है - 131, 132, 135-बी, 136-बी, लाइट इंडस्ट्रीज एरिया, भिलाई - 490026
संपर्क करें
महेन्द्र शर्मा, मो. 9303700461

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

राजहंस राजस्थानी थाली
पार्सल सुविधा
स्वाद घर का.....
राजस्थानी पारंपरिक व्यंजनों की स्वाद का आनंद लें
घड़ी चौक के सामने, गौरी लॉज के नीचे, सुपेला, भिलाई
संतोष शर्मा : 9649604367 देवीलाल शर्मा : 9783391314 प्रतीक दवे : 9752525050

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर



### नेहरू नगर चौक पर हादसाः डंपर की चपेट में आया बुजुर्ग, अस्पताल में भर्ती

**भिलाई।** नेहरू नगर गुरुद्वारा चौक के पास शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां सड़क पर कर रहा बुजुर्ग डंपर की चपेट में आ गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बुजुर्ग के पैर पर डंपर का पहिया चढ़ गया था। यहां से गुजर रहे ट्रैफिक पेट्रोलिंग वाहन ने बुजुर्ग को अस्पताल पहुंचाया। वहीं घटना स्थल पर ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर भी पहुंच गए। डीएसपी की सूचना पर सुपेला पुलिस मौके पर पहुंची और डंपर को जब्त किया गया।

घटना के सबंध में डीएसपी यातायात सतीश ठाकुर ने बताया कि करीब 4:30 बजे की घटना है। गुरुद्वारा चौक पर एक डंपर खड़ा था। इस दौरान गुरुद्वारे की ओर से एक बुजुर्ग सामने से निकला और इसी दौरान डंपर चालक अपनी गाड़ी स्टार्ट कर दी। चालक बुजुर्ग को देख नहीं पाया था और ठोकर से बुजुर्ग गिर गया। डंपर का पहिया उसके पैर पर चढ़ गया था। हादसे में बुजुर्ग सड़क पर गिर गया। इसके बाद बुजुर्ग को सुपेला अस्पताल भेजा गया जहां उसका इलाज चल रहा है। इधर सुपेला पुलिस को सूचना दी गई और मौके पर पहुंचकर पुलिस ने डंपर को जब्त किया है। आगे की कार्रवाई सुपेला पुलिस द्वारा की जा रही है।

### सॉरी पापा, बहन तुम दोनों का ख्याल रखना, इतना लिखकर 10वीं के छात्र ने लगा ली फांसी

**अंबिकापुर।** दसवीं के एक छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फिलहाल आत्महत्या के कारण का पता नहीं चला है। घटना अंबिकापुर के चांदनी चौक की है। जहां नाबालिग छात्र किराए के मकान में रहकर पढ़ाई कर रहा था। सिटी कोतवाली पुलिस ने आत्महत्या की सूचना मिलते ही शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। इस घटना की जानकारी परिजनों को भी दे दी गई है। आत्महत्या करने वाला किशोर मूलत: प्रतापपुर का रहने वाला है। शुक्रवार को मृतक छात्र का अंतिम संस्कार किया गया।

मृतक छात्र अंबिकापुर के ओपीएस स्कूल में पढ़ाई करता था। दशहरा की छुट्टी में वह घर गया था। दो दिन पूर्व स्कूल द्वारा रिजल्ट जारी किया गया था। परिजन उसे अंबिकापुर छोड़कर गए थे। रिजल्ट भी अच्छा था। फिलहाल कोतवाली पुलिस इस मामले में मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। मृतक माता-पिता का एकलौता बेटा था। कमरे में सुसाइड नोट भी मिला है। सुसाइड नोट में महज सॉरी पापा लिखा हुआ है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 16 वर्षीय निश्चल उर्फ सुरजन पांडेय पिता सत्यानंद पांडेय प्रतापपुर का रहने वाला था। वह अंबिकापर चांदनी चौक में किराए के मकान में अकेले रहकर ओपीएस स्कूल में कक्षा 10वीं में पढ़ाई करता था। परिजन मंगलवार को निश्चल को अंबिकापुर छोडने आए थे। यहां से छोड़कर वापस चले गए थे। बुधवार को परिजन द्वारा कई बार फोन करने के बाद भी उसने कॉल रिसीव नहीं किया। परेशान होकर परिजन ने बौरीपारा में रह रहे अपने रिश्तेदार सर्वेश मिश्रा को बताया। उसने उसके किराए के मकान में जाकर देखा तो कमरा अंदर से बंद था। रिश्तेदार ने खिड़की से झांक कर देखा तो उसका शव फंदे से झूल रहा था। सर्वेश ने घटना की जानकारी उसके परिजन को दी। परिजन मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच मामले की जांच की। फिलहाल पुलिस इस मामले में मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

## दुर्ग पुलिस ने किया बड़े चोर गिरोह का पर्दाफाश

# ग्रेजुएट से लेकर 40 एकड़ जमीन के मालिक, फिर भी चुराते हैं बाइक व कार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग पुलिस ने एक ऐसे चोर गिरोह को पकड़ने में सफलता हासिल की है जो ग्रेजुएट होने के साथ ही कई एकड़ खेत व जमीन के मालिक हैं। संपन्न होने के बाद भी पैसों की भूख में यह सभी बाइक व कार चोरी करते थे। जिले के जामगांव एम क्षेत्र में के एक फॉर्म हाउस से पुलिस ने कुल 14 बाइक व एक कार बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने 6 चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद चोरों ने जो खुलासा किया उससे पुलिस भी हैरान है।



दुर्ग एसपी अभिषेक पल्लव ने शुक्रवार को इस चोर गिरोह का खुलासा किया है। एसपी पल्लव ने बताया कि चोरो का यह गिरोह पढ़े लिखे होने के साथ ही संपन्न है। किसी के पास पांच एकड़ तो किसी के पास 40 एकड़ जमीन है इसके बाद भी यह चोरी कर रहे थे। इस चोरों ने गिरोह बना रखा था और सभी के गले पर चार स्टार का सिंबॉल लगा हुआ था। यह लोग रायपुर में रेकी कर चोरी करते थे और दुर्ग में लाकर बेचते थे।

### बड़ी संख्या मे पार की हैं बाइक

एसपी पल्लव ने बताया कि इन चोरों ने बड़ी संख्या में बाइकें पार की हैं। पहले भी इन लोगों ने बड़ी संख्या में बाइक चुराया है और बेच दिया है। गिरोह में और भी सदस्य हो सकते हैं। फिलहाल पुलिस ने इनके फॉर्म हाउस से 14 बाइक व एक कार बरामद किया है और अन्य चोरियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी जामगांव (आर) उप निरीक्षक ऐनुकुमार देवांगन, सहायक उप निरीक्षक सुरेन्द्र तारम, चन्द्रशेखर सोनी, आरक्षक महेन्द्र बंजारे, श्रवण साहू, भपेन्द्र साहू, वेद प्रकाश साहू, जयप्रकाश साहू, राजीव दुबे, प्रमोद कुमार मण्डावी, महिला आरक्षक किरण सोनकर एवं अन्य स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

### चेकिंग के दौरान आए पकड़ में

दरअसल जामगांव क्षेत्र में पुलिस जांच के दौरान इस गिरोह का पता चला। यहां पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अनंत साहू, व एसडीओपी पाटन देवांश सिंह राठौर के निर्देश पर रात्रि गश्त व वाहनों की जांच की जा रही थी। वाहनों की जांच के दौरान भंसुली निवासी शशिकांत चन्द्राकर व कोमेश यादव को रोका गया। इनके पास बाइक के कागजात नहीं थे। पूछताछ करने पर गोल मोल जवाब देने लगे। इन पर पुलिस को शक हुआ और उसके बाद कड़ाई से पूछताछ करने पर बाइक चोरी की बात बताई। इन दोनों ने बताया कि वे अपने साथी हितेश्वर चन्द्राकर, जितेन्द्र बंजारे, गोपेन्द्र यादव और राहुल चनापे के साथ मिलकर रायपुर में वाहन चोरी कर दुर्ग में बेचते थे। चोरों की निशानदेही पर फार्म हाउस से 14 बाइक व एक कार जब्त किया गया।

## विजिबल पुलिसिंग के तहत एसपी पहुंचे छावनी थाना, बाजार का किया भ्रमण



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** विजिबल पुलिसिंग अभियान के तहत शुक्रवार को दुर्ग एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव छावनी थाना पहुंचे। यहां थाने के बल से मिलने के बाद पावर हाउस जवाहर मार्केट, नंदिनी रोड व लिंक रोड़ का भ्रमण किया। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन के साथ भिलाई इकाई पदाधिकारियों की मौजूदगी में एसपी ने यहां की समस्याएं सुनी और इसके लिए जरूरी निर्देश भी दिए।

जवाहर मार्केट में पार्किंग की समस्या को देखते हुए यहां पर फ्लाईओवर के नीचे जरूरत के अनुसार पार्किंग व्यवस्था बनाने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा एसपी अभिषेक पल्लव ने मार्केट में सुरक्षा के लिए रोज डायल 112 की दो गाड़ियों को मौके पर रहने का रखने का निर्देश दिया है ताकि यहां पर सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखी जा सके। इसके अलावा एसपी पल्लव ने व्यापारियों के साथ नंदिनी रोड मार्केट का भ्रमण भी किया और इस दौरान यहां आने वाली समस्याओं को जाना। भ्रमण के दौरान उन्होंने बाजारों की भीड़ को देखते हुए पार्किंग व्यवस्था पर फोकस रखने का निर्देश दिया है। इस दौरान छावनी थाना प्रभारी नवी मोनिका पाण्डेय सहित छावनी थाने का बल मौजूद रहा।

## पिता ने बुलेट खरीदने से मना किया तो छात्र ने रची खुद के अपहरण की साजिश

श्रीकंचनपथ न्यूज



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ में अपहरण का अनोखा मामला आया जिसने पुलिस को भी हैरान कर दिया। कोरबा जिले के मानिकपुर थाना क्षेत्र में 8वीं कक्षा के छात्र का अपहरण हो गया। बुधवार को हुई इस घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस के होश उड़ गए। परिजनों की शिकायत के बाद जब पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। सच्चाई सामने आई तो पुलिस भी हैरान। आखिर मामला ही कुछ ऐसा निकला। बहरहाल पुलिस ने बच्चे को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया।

दरअसल हुआ यूं कि मानिक पुर कॉलोनी में रहने वाले 8वीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र ने अपहरण की झूठी कहानी बनाई। छात्र ने अपने पिता से बुलेट खरीदने की जिद की। छात्र अभी 18 वर्ष का भी नहीं हुआ तो पिता ने इसके लिए मना कर दिया। लेकिन छात्र जुनूनी था और किसी भी तरह से अपनी जिद पूरी करना चाहता था। इसके लिए उसने खुद के अपहरण की साजिश रच दी। उसने बुधवार को अपने मोबाइल से परिजनों को मैसेज कर बताया कि कुछ लोगों ने उसका अपहरण कर लिया है। उसे चारपहिया वाहन से कहीं ले जा रहे हैं और जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं।

मैसेज पढ़ते ही परिवार वालों के होश उड़ गए। परिजन मोबाइल लेकर मानिकपुर चौकी पहुंच गए और किडनैपिंग की शिकायत दर्ज कराई। इस तरह के अपहरण की जानकारी मिलने के बाद पुलिस भी सकते में आ गई और एक विशेष टीम बनाकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने साइबर सेल से संपर्क कर मोबाइल की लोकेशन को ट्रेस किया। मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस की एक टीम पत्थलगांव रवाना हो गई। पत्थलगांव से पुलिस ने बच्चे को सकुशल बरामद किया। बच्चे की बरामदगी के बाद पुलिस ने परिजनों को पूरी सच्चाई बताई।

## जशपुर के तिहरे हत्याकांड का खुलासा

# तलवार व हथौड़े से वार कर की गई थी हत्या, 9 दिन बाद पकड़ में आए आरोपी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुर।** करीब 9 दिन पहले कोतवाली थाना क्षेत्र में हुए तिहरे हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। शुक्रवार को पुलिस ने घटना में शामिल 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। इस पूरी वारदात के पीछे अंधविश्वास व जमीन विवाद की बातें सामने आई हैं। घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपियों ने बचने के लिए काफी चालाकियां की लेकिन पुलिस की पकड़ से दूर नहीं जा सके। आरोपी लगातार इधर-उधर भागते रहे। पुलिस ने भी इनका झारखंड, ओड़िसा, कलकत्ता (पश्चिम बंगाल), एवं सिलीगुड़ी तक पीछा किया और अंतत: यह सभी पुलिस की गिरफ्त में आए।



### प्लानिंग कर दिया वारदात कां अंजाम

आरोपी मृगपाल बंजुआ ने बताया कि प्रेमचंद बंजुआ उसका-बड़ा भाई, बिंदेश्वर बंजुआ-छोटा भाई, आरजू तेंदुआ-दामाद तथा करन तेंदुआ व प्रवीण तेंदुआ उसका साला है। सभी ने मिलकर 5 अक्टूबर की रात लगभग 9 बजे अर्जुन तेंदुआ के घर पहुंचे। अर्जून के घर का चैनल गेट खुला हुआ था, वे सभी जाकर अपने साथ लाये हथियार से अर्जून तेंदुआ, फिरनी बाई एवं संजना तेंदुआ पर कई वार किए जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद सभी वहां से निकल गए और एक नाले में हथियार छिपा दिए। यही नहीं आरोपियों ने अपने खून लगे कपड़े आदि जंगल में ले जाकर जला दिया था।

बता दें 6 अक्टूबर को जशपुर कोतवाली थाना क्षेत्र में पति-पत्नी व एक युवती का शव मिलने से हड़कंप मच गया था। यहां पर तीनों की धारदार हथियार मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना की जानकारी सामने आने के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू की थी। मृतकों की पहचान अर्जुन तेंदुआ (45), फिरनी तेंदुआ (42) व संजना तेंदुआ (19) के रूप में हुई थी। एक साथ ही तीन लोगों की हत्या ने पुलिस के सामने चुनौती खड़ी कर दी थी। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लिया। रेंज के आईजी व एसपी के निर्देश पर अलग अलग टीमों को हत्याकांड के आरोपियों की पतासाजी के लिए लगाया था। पुलिस की मेहनत रंग लाई और 9 दिन बाद इस मामले में 6 आरोपियों बिंदेश्वर बंजुआ, प्रेमचंद बंजुआ, मृगपाल बंजुआ, करन तेंदुआ, आरजू तेंदुआ व प्रवीण तेंदुआ को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। सभी कदमटोली घोलेंग के रहने वाले हैं।

इस घटना का खुलासा करते हुए एसपी डी रविशंकर ने हत्याकांड की वजह बताई। दरअसल मृतक अर्जुन तेंदुआ का यहां के बिंदेश्वर बंजुआ, प्रेमचंद बंजुआ, मृगपाल बंजुआ, करन तेंदुआ, आरजू तेंदुआ एवं प्रवीण तेंदुआ से जमीन संबंधी विवाद चल रहा था। यही नहीं कुछ दिन पहले प्रेमचंद के तीन माह के बच्चे की मौत हो गई थी। इसके लिए भी प्रेमचंद अर्जुन को ही कारण मानता था। प्रेमचंद का मानना था कि अर्जुन तेंदुआ के जादू टोने के कारण ही उसके बच्चे की मौत हो गई थी। यही नहीं एक और मौत को लेकर भी अजुर्न को जिम्मेदार मानता था।

### आईजी ने 30 हजार व एसपी ने 5000 रुपए इनाम की घोषणा

इस पूरे हत्याकांड को सुलझाने में निरीक्षक रविशंकर तिवारी, उप निरीक्षक बंशनारायण शर्मा, किरनेश्वर प्रताप सिंह, सउनि ईश्वर प्रसाद वारले, केके साहू, किशन चौहान, नसरुद्दीन अंसारी, प्रआर अजय लकड़ा, त्रिनाथ यादव, मिथलेश यादव, धर्मेन्द्र राजपूत, आंनद श्रीवास्तव, आरक्षक बसंत खुंटिया, आरक्षक शोभनाथ सिंह, हेमंत कुजूर, धीरेन्द्र मधुकर आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही। हत्याकांड को सुलझाने वाले पुलिस कर्मियों को आईजी ने 30 हजार व एसपी ने 5 हजार रुपए ईनाम की घोषणा की है।

### खेत में मिली मासूम बच्ची की बोरी में बंद लाश

**बिलासपुर।** कल 13 अक्टूबर की शाम को मुंगेली जिला मुख्यालय से करीब 5 किलोमीटर की दूरी में पंडरिया रोड, अमलीडीह गांव के सरहदी इलाके में सुनसान जगह पर बोरे में बंधी एक लाश मिली, जो करीब 8-9 वर्षीय मासूम बच्ची की होने की जानकारी मिली हैं, हालांकि यह बच्ची की शिनाख्ती अभी नहीं हुई हैं।

जानकारी के मुताबिक जिस बच्ची का शव मिला उसके चेहरे में गंभीर चोट के निशान हैं। आशंका व्यक्त की जा रही हैं कि इस बच्ची की हत्या कर शव को यहां फेंक दिया गया हैं। शव मिलते ही उपस्थित ग्रामीणों द्वारा शव की पहचान कराई गई, पर पहचान नहीं हो पाई। मौके पर डॉग स्क्वायड व पुलिस की टीम द्वारा मौके पर पहुंच जांच की कार्यवाही की गई। उक्त मामला कोतवाली थाना का हैं।

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, वृत्त-दुर्ग
निविदा आमंत्रण सूचना विज्ञापन क्र.137
छ. ग.गृह निर्माण मण्डल, संभाग- कवर्धा अंतर्गत जिला मुख्यालय बेमेतरा में 1. सर्व सिन्हा समाज हेतु मंगल भवन का निर्माण कार्य राशि रू.17.54 लाख 2. सर्व सेन समाज हेतु मंगल भवन का निर्माण कार्य रू.17.54 लाख 3. सर्व धोबी समाज हेतु मंगल भवन का निर्माण कार्य रू. 17.54 लाख । 4. सर्व आदिवासी समाज हेतु मंगल भवन का निर्माण कार्य रू. 17.54 लाख 5. सर्व राजपूत समाज हेतु मंगल भवन का निर्माण कार्य रू. 17.54 लाख 6. जिला मुख्यालय बेमेतरा में मेमन समाज हेतु निर्मित सामाजिक भवन का जीर्णोद्धार कार्य रु. 9.01 लाख 7. ग्राम-मटका बेमेतरा में आदिवासी समाज की भूमि पर बाऊण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य रू. 8.80 लाख 8. संभाग- दुर्ग अंतर्गत ग्राम खिलोराकला एवं ग्राम डोडकी तहसील धमधा, जिला-दुर्ग में 01-01 नग गोदाम सह कार्यालय निर्माण कार्य रू. 45.90 लाख 9. ग्राम-माटरा एवं ग्राम नवागांव तह, धमधा, जिला-दुर्ग में 01-01 नग गोदाम सह कार्यालय निर्माण कार्य रू.45.90 लाख 10. संभाग- धमतरी अंतर्गत जिला बालोद के ब्लॉक डौण्डीलोहारा के कोड़ेकसा, कमकापार, कर्रेगांव तथा खैरकट्टा कुल 04 स्थानों में गोदाम सह-शॉप रूम, टॉयलेट निर्माण कार्य रू. 91.80 लाख 11. जिला-बालोद के ब्लॉक गुरूर एवं डौण्डी के हितेकसा, कोचवाही, मंगलतराई तथा आमाडुला कुल 04 स्थानों में गोदाम सह शॉप रूम, टॉयलेट निर्माण कार्य रू. 91.80 लाख सं हेतु मैन्युअल / ऑनलाईन निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। (स.कं. 01 से 07 प्रथम आमंत्रण कं. 08, 09 चतुर्थ आमंत्रण कं. 10,11 तृतीय आमंत्रण) विस्तृत विवरण मण्डल वेबसाईट www.cghb.gov.in में उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता, संभाग- कवर्धा/ दुर्ग / धमतरी के मो.नं. 94242-84255, 94242-09025, 89650-51588 पर सम्पर्क करें।
samvad-34282/2 उपायुक्त

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766


House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ताः 93003-77572

# दुर्ग-भिलाई में अब गूगल मैप से हाईवे की निगरानी






श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** हाइवे की निगरानी के लिए दुर्ग पुलिस ने सेक्टर-6 कंट्रोल रूम में ऐसा सिस्टम लगाया है जिसमें गूगल मैप के जरिए हाइवे की निगरानी होगी। गूगल मैप से जाम की स्थिति जानने को लेकर आईटीएमएस कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी गई। जिससे नेशनल हाईवे अंजोरा से कुम्हारी तक 24 घंटे निगरानी में रखा जायेगा। इस सिस्टम में नीला, आरेंज, लाल कलर यातायात की स्थिति को बताएगा।

दुर्ग भिलाई में यातायात को सरल व सुगम बनाने के लिए डॉ. अभिषेक पल्लव, पुलिस अधीक्षक दुर्ग के निर्देश में एवं विश्वास चंद्राकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) के मार्गदर्शन एवं सतीष ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) के नेतृत्व में यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है।

इसी कड़ी में दुर्ग पुलिस का यह नया सिस्टम है जिससे हाइवे की निगरानी होगी। इस सिस्टम में नीला रंग सामान्य

## तीन रंग बताएंगे ट्रैफिक जाम की स्थिति

यातायात को दर्शाएगा। आरेंज कलर से पता चलेगा कि यातायात थोडा रूका हुआ या धीमी गति से चल रहा है। वहीं लाल रंग का मतलब होगा कि ट्रैफिक्र जाम है।

उल्लेखनीय है कि कभी कभी ट्रैफिक्र जाम का पता नही लगने से जाम और लंबा हो जाता है जिसे वाहन चालक निर्धारित समय पर अपने मंजिल तक नही पहुंच पाते हैं। इससे असुविधा का सामना करना पड़ता है लेकिन गूगल मैप के माध्यम से जाम की स्थिति पता लगाना आसान हो जाएगा और जाम की स्थिति होने पर कंट्रोल रूम के द्वारा तत्काल हाईवे पेट्रोलिंग व संबंधित यातायात जोन क्षेत्र को पाइंट दिया जाएगा। जिस पर यातायात पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त स्थान पर पहुंच कर जाम को क्लीयर कराया जाएगा।

निगम के अधिकारी/कर्मचारियों को वेतन देने महापौर परिषद का बड़ा फैसला

# त्यौहार को देखते हुए संचित निधि में उपलब्ध राशि का किया जाएगा उपयोग



श्रीकंचनपथ न्यूज

## महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में कर्मचारियों के हित को देखते हुए लिया गया निर्णय

भिलाई। महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास तथा अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी की मौजूदगी में संपन्न हुआ। बैठक में सबसे महत्वपूर्ण विषय दीपावली त्यौहार को देखते हुए अधिकारी/कर्मचारियों के वेतन भुगतान को लेकर रहा है। महापौर परिषद ने अधिकारी/कर्मचारियों के हित को देखते हुए तथा आगामी त्योहारों के मद्देनजर संचित निधि में उपलब्ध राशि का उपयोग वेतन भुगतान करने के लिए स्वीकृति दे दी है, सभी सदस्यों ने एक स्वर में इसे स्वीकारा।

इसके लिए संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को पत्र प्रेषित किया गया है जिसकी पुष्टि महापौर परिषद ने आज की है। नियमित अधिकारी/कर्मचारियों का वेतन सितंबर माह का जो अक्टूबर में मिलना होता है वह नहीं मिला है।

जिसको देखते हुए महापौर परिषद ने सकारात्मक निर्णय अधिकारी/कर्मचारियों के पक्ष में लिया है। अगर बात करें प्लेसमेंट कर्मचारी के वेतन की तो इनके भी वेतन बकाया है, संचालनालय एवं शासन से अनुमति मिलते ही संचित निधि की उपलब्ध राशि में से तनख्वाह का भुगतान कर्मचारियों को किया जाएगा। 9 करोड़ 84 लाख 18 हजार रुपए संचित निधि की उपलब्धि राशि में से वेतन भुगतान किए जाने की स्वीकृति के लिए पत्र शासन की ओर भेजा जा चुका है।

उल्लेखनीय है कि निगम के कर्मचारी संघ ने महापौर और आयुक्त से इसको लेकर मुलाकात भी की थी और आज महापौर परिषद ने इस पर अपना फैसला दे दिया है।

एमआईसी के फैसले से अब वेतन भुगतान की राह आसान हो गई है, शासन स्तर पर स्वीकृति प्राप्त होते ही अधिकारी/कर्मचारी के खातों में पैसा आ जाएगा और वह त्यौहार हर्षोल्लास के साथ अपने परिवार के बीच मना पाएंगे तथा त्योहारी खरीदारी भी कर सकेंगे। आज की बैठक में महापौर परिषद के सदस्य सीजू एंथोनी, संदीप निरंकारी, लक्ष्मीपति राजू, साकेत चंद्राकर, मालती ठाकुर, एकांश बंछोर, आदित्य सिंह, केशव चौबे, रीता सिंह गेरा, नेहा साहू, चंद्रशेखर गवई, मन्नान गफ्फार खान, एवं मीरा बंजारे तथा निगम के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।







































स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950